RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

नीमच, बुधवार
29 मई 2024
वर्ष 02, अंक 09, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866



पेज. 4 मतगणना कार्य पर माईक्रों आर्ब्जवर कड़ी नजर रखे

Commodity: Gold 72,399 Silver 98,400 Crude Oil 6,543 Natural Gas 226.50 Aluminium 247.50 Copper 890.40

## खास खबर

### बाइक असंतुलित होकर खाई में गिरी दो घायल

**नीमच।** मनासा थाना क्षेत्र के गांव कंजार्डा घाट पर एक बाईक असंतुलित होकर खाई में गिर गई। बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको 108 की मदद से मनासा शासकिय चिकित्सालय लाया गया। जहा दोनों का प्राथमिक उपचार कर मंदसौर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। चिकित्सालय से मिली जानकारी के मंदसौर जिले के गांव जोधा पिपल्या निवासी दो व्यक्ति बाईक द्वारा डिकेन से मनासा की ओर आ रहे थे। इसी दोरान कंजार्डा घाट पर उनकी बाइक असंतुलित होकर खाई में गिर ई। बाइक सवार मुकेश पोरवाल उम्र 55 वर्ष व रामप्रसाद डांगी उम्र 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनके शिर व कंधे पर चोटें आई। जिनका मनासा शासकिय चिकित्सालय में उपचार कर दोनों को मंदसौर रैफर किया गया।

### जहरीला पदार्थ खाया गंभीर हालत में उपचार जारी

**नीमच।** मनासा थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से जहरीला पदार्थ पीने के दो मामले सामने आए। जहरीला पदार्थ पीने के बाद परिजन दोनों मरीजों को मनासा शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहा से एक को जिला चिकित्सालय रेफर किया, जबकि एक मरीज मनासा में ही उपचाररत हैं। चिकित्सालय से मिली जानकारी के मुताबिक गांव पडदा निवासी पायल पिता शांतिलाल मेघवाल उम्र 18 वर्ष मुंह से जहरीला पदार्थ से भरी बोतल का ढक्कन खोल रही थी। ढक्कन खोलने के दोरान जहरीला पदार्थ युवती के शरीर में चला गया। जिसे परिजन तत्काल मनासा शासकिय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहीं दूसरा मामला गांव सुंडी का हे, गांव की सपना पति मुकेश रम 21 ने जहरीली दवाई खा ली। जिसे परिजन तत्काल मनासा शासकिय चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सालय ने बताया कि परिजनों के मुताबिक सपना ने अनजाने में जहरीला पदार्थ गटक लिया। वहीं दोनों ही मामलों में पुलिस द्वारा घायलों व उनके परिजनों के बयान दर्ज का जांच की जा रही।

### सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य से बांस की तस्करी करते ट्रक पकड़ा

**प्रतापगढ़।** उपवन संरक्षक चित्तौड़गढ़ सोनल जोरिहार के निर्देशन में की जा रही वन एवं वन्यजीव सुरक्षा हेतु गश्त एवं मुखबिरी के दौरान 25 और 26 मई को सघन गश्त दौरान सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य समीप एक अशोक लीलैंड ट्रक जिसमे बांस भरे हुए थे को पकड़ा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी वन्यजीव बड़ीसादड़ी अर्जुन कुमार ने बताया की वाहन चालक साजिद खान पिता फिरोज खान निवासी जाट पुलिस थाना रतनगढ़ जिला नीमच मध्यप्रदेश को उक्त सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र से गिले बांस का अवैध कटान एवं परिवहन करते हुये पकड़ा। वाहन चालक साजिद खान से बांस कटाई एवं बांस अवेध परिवहन के सम्बन्ध में वैध दस्तावेज़ के बारे में पूछने पर कोई वैध दस्तावेज़ नहीं होना बताया है, वाहन चालक साजिद खान पिता फिरोज खान निवासी जाट पुलिस थाना रतनगढ़ जिला नीमच मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर इस के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 26 एवं राजस्थान वन अधीन 1953 की धारा 41,42 के तहत वन अपराध दायर कर बांस एवं वन अपराध में प्रयुक्त ट्रक को सीज कर जप्ती की कार्यवाही की गयी, वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसन्धान जारी है। उपवन संरक्षक वन्यजीव चित्तौड़गढ़ ने बताया की उक्त मामले की गंभीरता से जाँच की जा रही है तथा जो कोई भी दोषी पाया गया उस पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

SAVE WATER
SAVE TREE

समाजसेवी अशोक अरोरा गोलीकांड मामला

## फरार आरोपी लक्की सिंहल गिरफ्तार, न्यायालय ने 7 दिन की रिमांड पर भेजा

**नीमच।** तीन माह पहले शहर में हुए गोलीकांड से जुड़ी एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। इस मामले में लंबे समय से फरार आरोपी अर्पित उर्फ लक्की सिंहल को पुलिस ने धरदबौचा है। आरोपी लक्की सिंहल लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस की स्पेशल टीम ने आखिरकार पकड़ ही लिया। हालांकि आरोपी लक्की को पुलिस टीम ने कहां से पकड़ा है, इसका खुलासा अभी तक पुलिस की और से नहीं किया गया है।

आपकों बता दें कि, गोलीकांड में फरार कुल 9 आरोपियों को पुलिस ने घटना दिनांक से महज 16 दिनों के अंदर ही गिरफतार कर लिया था, इसके बाद 10 वां आरोपी लक्की सिंहल उसी समय से फरार चल रहा था, और लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन खाकी ने भी हार नहीं मानी, और पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल के निर्देशन में स्पेशल पुलिस फोर्स ने आरोपी लक्की सिंहल को धर ही लिया।

गौरतलब है कि, बीती 4 फरवरी को शहर के प्रसिद्ध व्यवसाई व समाजसेवी अशोक अरोरा पर लायंस पार्क चौराहे के समीप जानलेवा हमला किया गया था।

इसमें गोलीबारी करने वाले शूटरों की संख्या पहले चार ही बताई गई थी, लेकिन अब ये छः हो गई। फिर धीरे धीरे पुलिस जांच में और भी नाम सामने आये, साथ ही कई चौकाने वाले खुलासे भी हुए, फिर पुलिस ने कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया था, और फरार आरोपी लक्की सिंहल पर इनाम घोषित किया था।



कारोबारी अशोक अरोरा गोली कांड के मामले में मुख्य साजिश करता के रूप में शामिल अर्पित उर्फ लक्की सिंहल को पुलिस की स्पेशल टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। नीमच सिटी पुलिस ने सोमवार शाम को आरोपी लक्की सिंहल को उसके साथी के साथ कोर्ट में पेश किया।

जहां से उन्हें 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज गया है। नीमच पुलिस ने आरोपी अर्पित सिंहल पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। उस पर धारा 307 के अलावा और भी कई धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध है।

पुलिस से बचने के लिये बदल रहा था ठिकाने- फरारी के दौरान आरोपी लक्की सिंहल ने कई ठिकाने बदले। इसके लिए उसने कई मोबाइल और सीमें भी बदली। इसके अलावा तकनीकी सहायता से वह हर बाद पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस ने लक्की के साथ अंकित पिता जगदीश कुमावत निवासी भाटखेड़ा को भी गिरफ्तार किया है।

अंकित पर अर्पित सिंहल को संरक्षण देने का आरोप है। वह लक्की की हर तरह की मदद कर रहा था।

गौरतलब है कि शहर के प्रसिद्ध कारोबारी अशोक अरोरा गंगानगर पर अज्ञात हमलावरों ने 04 फरवरी को लायंस पार्क चौराहा के समीप हुई फायरिंग कर जानलेवा हमला कर दिया था। इस गोलीकांड में एक हमलावरा मारा गया था। कारोबारी अरोड़ा बाल बाल बच गए थे।

वहीं अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इसी मामले का मुख्य मास्टर माईंड अर्पित उर्फ लक्की सिंहल फरार चल रहा था जिसे आप पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है रिमांड के दौरान लकी और भी राज खोलेगा।

## 336 क्वार्टर अॅग्रेजी व देशी शराब जब्त 3 आरोपी गिरफ्तार पुलिस को मिली सफलता




**नीमच।** प्रदेश व्यापी नशाविरोधी अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसौदिया एवं अअपु जावद सुश्री निलेश्वरी डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नयागॉव रामपालसिंह राठौर की टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अवैध तीन प्लास्टिक के कट्टों में कुल 336 क्वार्टर अॅग्रेजी व देशी शराब व एक सिल्वर कलर का कोमाकी कम्पनी का ई-स्कूटर तथा बजाज कम्पनी की सीटी-100 मोटर सायकल क्रमांक आरजे 09 बीएस-4067 सहित तीन आरोपीयों को पकडने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 28.05.2024 को मुखबिर सूचना पर अवैध शराब की धरपकड व नाकाबंदी हेतु चैनपुरा रोड रेल्वे फाटक के पास नयागॉव पर दो व्यक्ति ग्राम कोटडी कलॉ तहसील निम्बाहेडा से नयागॉव रेल्वे पटरी के पास से एक लाल कलर की बजाज कम्पनी की सीटी-100 मोटर सायकल क्रमांक आरजे 09 बीएस-4067 से आ रहा है जिसके आगे आगे पायलेंटिंग करते हुए एक सिल्वर कलर का कोमाकी कम्पनी का ई-स्कूटर भी चल रहा है बजाज कम्पनी मोटर सायकल पर दो व्यक्ति जिनके पास तीन प्लास्टिक के कट्टे रखे हुए है जिसमें राजस्थान की अवैध शराब है जो निम्बाहेडा राजस्थान से नयागॉव तरफ आने वाले है को आते दिखे जिनको रोका तीनों प्लास्टिक के कट्टों में कुल 336 क्वार्टर कुल 60 लीटर 480 मीली अॅग्रेजी व देशी शराब व एक लाल कलर की बजाज कम्पनी की सीटी-100 मोटर सायकल क्रमांक आरजे 09 बीएस-4067 व एक सिल्वर कलर का कोमाकी कम्पनी का ई-स्कूटर जप्त कर आरोपी 1 सुनिल प्रजापत पिता सुरेश उम्र 22 वर्ष नि. ग्राम कोटडी कलॉ तह0 निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज0), 2 अरूण पिता औंकारलाल प्रजापत उम्र 28 वर्ष नि. ग्राम कोटडी कलॉ तह0 निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज0), 3. चालक श्रवण मीणा पिता प्रेमचन्द उम्र 20 वर्ष नि. ग्राम कोटडी कलॉ तह0 निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज0) का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय पाया जाने से विधिवत् गिरफतार किया गया व अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है प्रकरण में अनुसंधान जारी है

सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही में पुलिस टीम नयागॉव का सराहनीय योगदान रहा

## जिला स्तरीय तैराकी में दिखाई प्रतिभा, चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में होगी शामिल

जिले भर के 60 से ज्यादा तैराकों ने लिया भाग, सर्वश्रे प्रदर्शन करने वालों का किया सम्मान




**नीमच।** जिला तैराकी संघ द्वारा मंगलवार को शहर के पास कनावटी स्थित ज्ञानोदय कॉलेज के स्वीमिंगपुल पर जिला स्तरीय तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 60 तैराकों ने भाग लेकर तैराकी के विभिन्न इवेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई। इनमें से 35 से अधिक तैराकों का चयन आगामी माह में होने वाली स्टैट तैराकी चैम्पियनशिप के लिए नीमच जिले की टीम के रूप में किया जावेगा। जिसकी घोषणा जल्द होगी। जिला तैराकी संघ जिलाध्यक्ष अशोक मोदी ने बताया कि स्पर्धा में गर्ल्स और बॉयज दोनों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की गई। ग्रुप-3 में 10 व 11 वर्ष तथा ग्रुप-2 में 12 से 14 वर्ष तथा ग्रुप-1 में 15 से 17 वर्ष के तैराकों ने भाग लिया। जिसमें उन्होंने फ्री स्टाइल, बेक स्टाइल, बेस्ट स्टाइल, एवं बटर फ्लाई और रीले में प्रतिभा दिखाई। आयोजन मप्र तैराकी संघ के झोनल सेकेट्री देवास से आए ओपी जोगावत एवं जिला खेल अधिकारी विजेंद्र की विशेष उपस्थिति व मार्गदर्शन में कराया गया। दिनभर चली इस प्रतियोगिता में जिले भर से आए तैराकों ने अपनी विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पर्धा के दौरान नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, ज्ञानोदय चेयरमेन अनिल चौरसिया, जिला तैराकी संघ संरक्षक अभिनव चौरसिया, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष चौपड़ा, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, नपा सभापति कुसुम अशोक जोशी, पार्षद प्रतिनिधि हाजी साबिर मसूदी, इकबाल कुरैशी, हुसैन कारपेंटर, राकेश सोनकर, ब्रजेश सक्सेना, पृथ्वीसिंह वर्मा आदि बतौर अतिथि उपस्थित हुए। जिनके द्वारा सर्वश्रे प्रतिभागी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में बंटी मिथोरा, मेंटर प्रभुमूलचंदानी, सृष्टि मोदी, आलोक सोनी, कम्प्यूटर आएपरेटर नितिन द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं इस मौके पर संघ के पदाधिकारी आलोक सोनी, अनिल सुराणा, अर्जुन पंडित, बंटू बाफना, भरत जाट, बंटी मिथोरा, गौतम पटौदी, रामगोपाल मोदी, प्रकाश मंडवारिया, शरद जैन, शरद पाटीदार, तरुण ओझा, विष्णुकुमार मोदी, भगवती प्रसाद, मुकेश चतुर्वेदी, राजेश वर्मा, दिलीप डूंगरवाल व मेहबूब खान, दर्शन शर्मा आदि मौजूद रहे और उन्होंने कई व्यवस्थाओं को संभाला।

### ईपी एफओ पैशनरों संघ की मासिक बैठक संपन्न

**नीमच।** आपकी निधि आपके द्वारा प्रत्येक माह की 27 तारीख को जनपद कार्यालय,बीआरसी भवन नीमच में उज्जैन ई.पीएफओकार्यालय के लेखा अधिकारी उमाशंकर केसरी जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी स्वर्गीय नाथूलाल नागदा, सुंदर गंधर्व के विधवा पेंशन संबंधी कागजात प्रस्तुत किये। जिसका निराकरण करने का श्री केसरी ने आश्वासन दिया संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद शर्मा, पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष शंभाजीराव जाधव,हिम्मत जैन,घीसालाल सुराह,भंवर सगर,इलियास कुरैशी,कन्हैयालाल मोनिया आदि पेंशनरसाथीं उपस्थित थे। तत्पश्चात क्षेत्रीय कार्यालय पर संघर्ष समिति एवं पेंशनर्स संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अन्य कर्मचारी के पेंशन संबंधी समस्या के बारे में चर्चा की गई तथा हायर पेंशन के नोटिस जारी करने के लिए ई.पीएफओ कार्यालय उज्जैन से संपर्क करने के लिए रणनीति तैंयार की गई। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी इलियास भाई कुरैशी ने दी।




## भारत विकास परिषद ने मनाई वीर सावरकर की जन्म जयंती



**नीमच।** स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर की जन्म जयंती मंगलवार दिनांक 28 मई को भारत विकास परिषद द्वारा हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई। परिषद के सदस्यों ने सर्वप्रथम सावरकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्यात् उनके बलिदान को याद किया इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिलीप सिंह परिहार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र भटनागर,परिषद के रीजनल सेक्रेटरी सुनील सिंहल प्रांतीय महिला प्रमुख श्रीमती सुनीता सिहल प्रांतीय सेवा प्रमुख संदीप खाबिया जिला समन्वयक अशोक मंगल भिलवाड़ा जिला समन्वयक सुमित जागेटिया भीलवाड़ा, एवं इंजीनियर पंकज अग्रवाल भीलवाड़ा सहित परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान स्वागत अध्यक्ष सुशील गट्टानी ने किया एवं आभार सचिव विश्वास खंडेलवाल ने प्रकट किया।

## मंडी में तलवारबाजी की घटना के बाद प्रशासन ने जारी किए नए आदेश




**मंडी से हम्माल को निकाला अब मंडी में लाइसेंसी,पुलिस वेरिफिशन व व्यापारियों की सहमति से ही हम्माल कर पायेगा कार्य**

**नीमच।** मंडी में तलवार बाजी की घटना के बाद मंडी प्रशासन के द्वारा प्रशासन के द्वारा जारी नए आदेशों के बाद नीमच मंडी में सोमवार को नीलामी के दौरान मंडी सचिव के द्वारा हम्मालों को मंडी से बाहर निकाल दिया गया है। नीमच कृषि उपज मंडी में पिछले सप्ताह व्यापारियों के हम्माल और मंडी के हम्मालों के बीच लहसुन मंडी ढेर को लेकर विवाद हो गया था। विवाद में मंडी के हम्मालों ने व्यापारी के हम्मालों के साथ मारपीट की और तलवार निकाल कर उन पर हमला किया था जिसके बाद व्यापारी ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था। और अगले ही दिन व्यापारी के साथ नीमच एसडीएम ने बैठक लेकर व्याप्त अवस्थाओं और आपराधिक किस्म के लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। जिस पर प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए व्यापारियों की सभी मांगों पर तुरंत कार्रवाई करने का भरोसा दिया था। ओर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही थी। जिस पर एसडीएम ममता खेड़े ने आदेश जारी किए की नीमच मंडी में लायसेंसी,पुलिस वेरिफिशन व व्यापारियों की सहमति से ही हम्माल कार्य कर पाएंगे,वही बिना वेरिफिकेशन व बिना लायसेंसी हम्माल कार्य नही कर पाएंगे, उक्त आदेशों के पालन में नीमच कृषि उपज मंडी सचिन उमेश बसेड़िया द्वारा सोमवार को जैसे ही लहसुन मंडी में नीलामी प्रारंभ हुई तो वे मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद सभी हम्मालों को बाहर निकाल दिया,जिसके बाद मंडी में नीलामी प्रारम्भ की गई ओर तुलाई का कार्य मंडी व्यापारियों के स्थाई हम्मालों द्वरा किया गया।

मंडी हम्माल अध्यक्ष दिनेश बनोदा व अबदुल्ल गफार ने बताया कि हमारी यही मांग है कि जो दोषी व्यक्ति है उसी पर कार्यवाही की जाए,एक दोषी कि सजा सभी हम्मालों को देकर उन्हें बेरोजगार किया जा रहा है जो गलत है।निकाले गए निर्दोष हम्मालों को पुनः कार्यपर रखा जाए,हम मंडी प्रसशन के नियमो का पालन करने को तैयार है।उक्त मामले में मंडी सचिव उमेश बसेडिया ने जानकारी देते बताया की एसडीएम ममता खेड़े ने निर्देश जारी किए है कि बिना लायसेंसी व बिना पुलिस वेरिफिकेशम वाले हम्माल मंडी में कार्य नही करंगे उक्त आदेशो के पालन में सभी हम्मालों को बाहर कर दिया गया है बैठक के बाद उचित निराकरण कर लायसेंसी,पुलिस वेरिफिकेशन,ओर व्यापारियों की सहमति वाले हम्मालों को मंडी में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी।

गौ रक्षा दल पहुंचे कलेक्ट्रेट कार्यालय- डिप्टी कलेक्टर को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, संचालकों की मनमानी के खिलाफ जताई नाराजगी

## बरसात से पूर्व नगर परिषद् ने करवाई नाले की सफाई



**रामपुरा ।** बरसात का मौसम आने से पहले ही गंदगी से पटे नगर के नाला व नालियों की साफ सफाई शुरू हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद् अध्यक्ष सीमा जितेंद्र जागीरदार के निर्देश के बाद नगर परिषद का सफाई कामगार अमला हरकत में आया है। नगर के वार्ड नंबर 3 स्थित पातोशा बावड़ी क्षेत्र बालिका छात्रावास के सामने नाले की सफाई की गई।

स्वच्छता शाखा प्रभारी ओम प्रकाश राठौर ने बताया कि नगर के समस्त नालों को साफ कराया जाएगा, जिससे कि नगर के नाला नालियों के चोक होने से जलभराव की स्थिति पैदा नहीं हो सकेगी। नगर के नालों को चिन्हित कर जहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है सबसे पहले उन्हीं नालों को साफ कराया जा रहा है।

नगर परिषद रामपुरा के स्वच्छता शाखा में कार्यरत कर्मचारी नगर के विभिन्न स्थानों पर अब साफ सफाई करते नजर आ रहे हैं।

सहायक सफाई दरोगा राम सींग चंद्रावत ने बताया की बरसात के पूर्व जलभराव से निपटने के लिए सफाई अभियान को पूरा करने में जुटे हैं इसकी मॉनीटरिंग मुख्य नगरपालिका अधिकारी के एल सूर्यवंशी द्वारा की जा रही है।

## गौ रक्षा दल पहुंचे कलेक्ट्रेट कार्यालय डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, संचालकों की मनमानी के खिलाफ जताई नाराजगी



**नीमच।** सोमवार शाम को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बड़ी संख्या में गौ रक्षा दल मध्य प्रदेश जिला नीमच इकाई के कार्यकर्ता पदाधिकारी पहुंचे। जहां उन्होंने जिले की गौशालाओं में व्याप्त अव्यवस्थाओं और गौशाला का संचालकों की मनमानी के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन दिया।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गौशालाओं में बीमार व घायल गोवंशों को नहीं रखा जाता। साथ ही गौ सेवकों द्वारा यदि किसी को गौवंश गौशाला ले जाया जाता है तो ताले बंद किए जाते हैं। और गो सेवकों के साथ मारपीट दुर्व्यवहार की जाती है। शासन द्वारा गौशाला संचालन के लिए दिए जाने वाले राशि का सही ढंग से खर्च नहीं किया जाता है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि इस तरह के गौशाला संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और बंद पड़ी हुई गौशालाओं को खोला जाए।

ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर मयूरी जोक को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गो सेवक मौजूद रहे गौ रक्षा दल पहुंचे कलेक्ट्रेट कार्यालय- डिप्टी कलेक्टर को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, संचालकों की मनमानी के खिलाफ जताई नाराजगी

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# टीम इंडिया के कोच बनना चाहते हैं गौतम गंभीर, बस BCCI को माननी पड़ेगी उनकी एक बात



**इस संबंध में बोर्ड ने केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर से भी संपर्क किया है और अब खबर आ रही है कि निवर्तमान भाजपा सांसद इस पद पर विराजमान होना भी चाहते हैं। दैनिक जागरण ने पहले ही बताया था कि कुछ दिनों पहले बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कोच पद के लिए गंभीर से संपर्क किया था। गंभीर भी टीम का कोच बनना चाहते हैं।**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के साथ जून में समाप्त हो रहा है। द्रविड़ वर्तमान में इस पद के लिए दोबारा आवेदन नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में इस महत्वपूर्ण पदभार के लिए बीसीसीआई ने नए कोच की तलाश जोर-शोर से शुरू कर दी है।

इस संबंध में बोर्ड ने केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर से भी संपर्क किया है और अब खबर आ रही है कि निवर्तमान भाजपा सांसद इस पद पर विराजमान होना भी चाहते हैं। दैनिक जागरण ने पहले ही बताया था कि कुछ दिनों पहले बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कोच पद के लिए गंभीर से संपर्क किया था।

**फाइनल के बाद चर्चा**

सूत्रों के मुताबिक गंभीर भारतीय कोच को सम्मान का पद मानते हैं और इसके लिए वह कोलकाता नाइटराइडर्स के मेंटर का पद छोड़ सकते हैं। हालांकि अभी उनका पूरा फोकस रविवार को केकेआर को फाइनल की ट्रॉफी दिलाना है। फाइनल के दिन ही चेन्नई में बीसीसीआई के कुछ बड़े लोगों से उनकी आगे की चर्चा भी हो सकती है। कई चीजों पर अभी बात होनी बाकी है। सूत्र ने कहा कि फाइनल के अगले दिन तक कोच पद के लिए आवेदन करना है और यह कोई बड़ा काम नहीं है। अभी तक उन्होंने आवेदन नहीं किया है लेकिन अगर चीजें सही रहीं और बीसीसीआई यह संकेत देता है कि उनके आवेदन करने पर उन्हें कोच बनाया जाएगा तो वह 27 जून को आवेदन करेंगे। अभी इस बारे में उनकी केकेआर के मालिक शाहरुख खान से बात नहीं हुई है। अगर वह आवेदन करेंगे तो इसके बारे में उन्हें भी बताएंगे क्योंकि शाहरुख चाहते थे कि कम से कम 10 साल तक गंभीर केकेआर के साथ जुड़े रहे। जब गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर थे तो अभिनेता शाहरुख खान ने उनको ऐसा प्रस्ताव दिया था कि वह खुद को रोक नहीं पाए थे। शाहरुख ने गंभीर से कहा था कि आपको 10 साल तक मेरी टीम संभालनी है, आपको इसके लिए जितनी भी फीस चाहिए उसे खाली पड़ी चेक में भर लें।

**छोड़ना होगा केकेआर का साथ**

अगर गंभीर भारतीय कोच बनते हैं तो उन्हें एक सत्र के बाद ही केकेआर को मेंटर के तौर पर छोड़ना होगा। गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में केकेआर आईपीएल चैंपियन बनी थी। गंभीर के मेंटर बनने के बाद केकेआर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंकतालिका में पहले नंबर में जगह बनाई और उसके बाद क्वालीफायर-1 में सनराजर्स हैदराबाद को हराकर फाइनल में पहुंची।

**लक्ष्मण नहीं चाहते कोच बनना**

शुरुआत में बीसीसीआई राहुल द्रविड़ की जगह वीवीएस लक्ष्मण को मुख्य कोच बनाना चाहता था लेकिन वह अभी इस पद पर विराजमान नहीं होना चाहते हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक के तौर पर काम कर रहे हैं और उसी में व्यस्त हैं। आईपीएल के वर्तमान सत्र की समाप्ति 26 मई को होगी और इस पद के आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई है।

बीसीसीआई ने इस बार साढ़े तीन वर्ष के कोच के लिए आवेदन निकाला है। अब जो कोच बनेगा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप तक इस पद पर रहेगा।

रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर और एंडी फ्लावर जैसे दिग्गज भारतीय कोच बनने से पहले ही इन्कार कर चुके हैं।

# अनाज का बफर स्टॉक 600 लाख टन के पार, खाद्यान्न वितरण के लिए चावल एवं गेहूं का पर्याप्त भंडारण



**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत खाद्यान्न वितरण के लिए बफर स्टॉक में चावल एवं गेहूं का पर्याप्त भंडारण हो चुका है। दोनों अनाजों का संयुक्त स्टॉक 600 लाख टन से अधिक हो गया है। गेहूं की खरीदारी अभी भी जारी है। कुछ राज्यों में जून महीने तक खरीदारी होती रहेगी। चालू वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 320 लाख टन निर्धारित किया गया है।**

**नई दिल्ली।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदारी का आंकड़ा पिछले वर्ष को पार कर गया है। केंद्र सरकार ने किसानों से अभी तक 262.48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदारी कर ली है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। सबसे ज्यादा पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश से गेहूं की खरीदारी हुई है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत खाद्यान्न वितरण के लिए बफर स्टॉक में चावल एवं गेहूं का पर्याप्त भंडारण हो चुका है। दोनों अनाजों का संयुक्त स्टॉक 600 लाख टन से अधिक हो गया है। गेहूं की खरीदारी अभी भी जारी है। कुछ राज्यों में जून महीने तक खरीदारी होती रहेगी।

चालू वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 320 लाख टन निर्धारित किया गया है। साथ ही बफर स्टॉक के लिए चावल की भी खरीदारी की जा रही है। खरीफ सीजन 2023-24 के दौरान अभी तक 98.26 लाख किसानों से सीधे 489.15 लाख टन चावल के बराबर 728.42 लाख टन धान की खरीदारी की गई है और उन्हें लगभग एक लाख 60 हजार 472 करोड़ का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि गेहूं खरीद के जरिए 22 लाख 31 हजार किसानों को 59 हजार 715 करोड़ रुपये का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है। पिछले वर्ष केंद्रीय पूल के लिए कुल 262.02 लाख टन गेहूं की खरीदारी हुई थी। सामान्य तौर पर गेहूं की खरीद अप्रैल से मई के बीच होती है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस वर्ष राज्यों को फसल की आवक के आधार पर खरीदारी की अनुमति दी है।

पंजाब-हरियाणा समेत राज्यों में खरीदारी मार्च के प्रारंभ से होने लगी थी। इस बार भी बिहार में फिसड्डी है। सबसे ज्यादा पंजाब में 124.26 लाख टन गेहूं खरीदा गया है। इसके बाद हरियाणा का स्थान है, जहां से 71.49 लाख टन तथा मध्य प्रदेश से 47.78 लाख टन गेहूं की खरीदारी हुई है। इसी तरह राजस्थान में 9.66 लाख टन और उत्तर प्रदेश में 9.07 लाख टन गेहूं की खरीदारी हो चुकी है।

# घर की नींव में क्यों रखते हैं चांदी के नाग-नागिन और कलश

**घर की नींव में चांदी के नाग-नागिन और कलश रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शेषनाग क्षीरसागर में रहते हैं। इसी वजह से नींव पूजा के दौरान कलश में दूध घी और दही समेत आदि चीजों का अर्पित कर शेषनाग को बुलाया जाता है जिससे वे घर की रक्षा कर सके। साथ ही इससे वास्तु दोष से छुटकारा भी मिलता है।**

**नई दिल्ली।** घर को बनवाते समय कई नियमों का पालन करना बेहद आवश्यक है। ऐसा माना जाता है कि घर की नींव रखते समय वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करना बेहद फलदायी होता है। घर की नींव में चांदी के नाग-नागिन और कलश रखा जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि ऐसा क्यों किया जाता है और इसके पीछे का रहस्य क्या है? आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।

**इसलिए रखे जाते हैं चांदी के नाग-नागिन**

श्रीमद् भागवत महापुराण के पांचवें स्कंद में उल्लेख है कि धरती के नीचे पाताल लोक है और इसके स्वामी शेषनाग हैं। इसलिए घर की नींव में चांदी के नाग-नागिन को रखा जाता है। ऐसा माना जाता है कि शेष नाग इससे संपत्ति और घर की सदैव रक्षा करते हैं।

**मिलते हैं ये फायदे**

घर की नींव में चांदी के नाग-नागिन को रखने से महादेव की कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, नाग-नागिन के जोड़े से वास्तु दोष से छुटकारा मिलता है।

घर की नींव में नाग-नागिन के जोड़े को रखने से घर पर बुरी शक्तियों को कोई असर नहीं होता है। साथ ही नजर दोष से बचाव होता है।

इसके अलावा घर में सदैव सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है । अगर आप चांदी के नाग-नागिन नहीं रख सकते हैं, तो पीतल के नाग-नागिन भी रख सकते हैं।

नींव में इसलिए रखा जाता है कलश मान्यता है कि कलश में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। घर की नींव रखने के दौरान कलश भी रखा जाता है। इसमें सिक्का, फूल और दूध डाला जाता है, जो नाग देवता को प्रिय है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शेषनाग क्षीरसागर में रहते हैं। इसी वजह से नींव पूजा के दौरान कलश में दूध, घी और दही समेत आदि चीजों का अर्पित कर शेषनाग को बुलाया जाता है, जिससे वे घर की रक्षा कर सके।

# PFC, TVS मोटर्स और टाइटन के स्टॉक खरीदना चाहते हैं टारगेट प्राइस और कहां रखें स्टॉप लॉस




**नई दिल्ली।** इस वक्त शेयर मार्केट में बुल रन चल रहा है। कई कंपनियों के शेयर निवेशकों को जमकर मुनाफा दे रहे हैं। लेकिन, कुछ में गिरावट भी दिख रही है। ऐसे में कोई भी निवेश करने से पहले आपको सभी पहलुओं पर गौर कर लेना चाहिए। साथ ही, अगर आपके पहले से कोई शेयर हैं, तो उसके बारे में भी जान लेना चाहिए कि उसमें मुनाफावसूली करके निकल जाना सही रहेगा या स्टॉक अभी और बढ़ेगा। हम आपकी आसानी के लिए तीन शेयरों- PFC, TVS मोटर्स और टाइटन के शेयरों के बारे में बता रहे हैं कि इनमें आपको क्या करना चाहिए। क्या इसमें खरीदारी सही रहेगी या फिर बेचकर निकल जाना चाहिए।

**PFC में क्या जारी रहेगी चमक?**

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (PFC) एक सरकारी कंपनी है, जो विद्युत क्षेत्र को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। इसके शेयरों ने पिछले एक साल में 260 फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने में भी निवेशकों को कंपनी से करीब 54 फीसदी का मुनाफा हुआ है। PFC का शेयर शुक्रवार (24 मई) को 5.41 फीसदी उछलकर 492.55 रुपये पर बंद हुआ। LKP सिक्योरिटीज में सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट रूपक डे ने को 493 रुपये पर खरीदने की सलाह दी है। उनका कहना है कि इस स्टॉक में तेजी का रुख दिख रहा है, क्योंकि यह क्रिटिकल मूविंग एवरेज से ऊपर बना हुआ है। साथ ही, मूल्य वृद्धि को वॉल्यूम में इजाफे का सपोर्ट मिला। यह नियर टर्म में 530 रुपये तक जा सकता है। वहीं, अगर स्टॉक नीचे आता है, तो आप 474 रुपये का स्टॉप लॉस रख सकते हैं।

**TVS मोटर्स की कितनी तेज रहेगी रफ्तार?**

इस साल अच्छे मानसून की संभावना के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में डिमांड बढ़ने की उम्मीद है। इसका फायदा ग्रामीण और ऑटोमोबाइल सेक्टर को मिलने की उम्मीद है। खासकर, दोपहिया गाड़ियों की बिक्री में तेजी आ सकती है। इसका फायदा टीवीएस मोटर्स को भी मिलने की उम्मीद है। LPK सिक्योरिटीज का कहना है कि टीवीएस मोटर्स ने डेली चार्ट में कंसालिडेशन ब्रेकआउट दिया है और अपने 24 दिन एक्सपोटेंशियल मूविंग एवरेज (EMA) के ऊपर कारोबार कर है। इससे संकेत शॉर्ट टर्म में स्ट्रांग मोमेंटम का संकेत मिलता है।

LPK सिक्योरिटीज ने टीवीएस मोटर्स को 2246 रुपये पर खरीदने की सलाह दी है। उसका कहना है कि 2230 से 2250 रुपये के बीच खरीदकारी करके टीवीएस मोटर्स में लॉन्ग पोजिशन बनाई जा सकती है। इसकी टारगेट प्राइस 2370 रुपये है। LKP सिक्योरिटीज ने टीवीएस मोटर्स में स्टॉप लॉस 2160 रुपये रखने की सलाह दी है।

**टाटा ग्रुप के टाइटन में क्या करें?**

टाटा ग्रुप की टाइटन ने पिछले दिनों तिमाही नतीजे जारी किए थे, जो बाजार की उम्मीद के हिसाब नहीं थे। लिहाजा, इसमें भारी बिकवाली भी हुई थी। पिछले एक महीने की बात करें, तो टाइटन के शेयर से निवेशकों को करीब साढ़े चार फीसदी का नेगेटिव रिटर्न मिला है। वहीं, इस साल यानी 2024 में अब तक टाइटन ने 7 फीसदी से अधिक का नेगेटिव रिटर्न दिया है। शुक्रवार को इसके शेयर 1.19 फीसदी की गिरावट के साथ 3,411.00 रुपये पर बंद हुआ।

LPK सिक्योरिटीज का मानना है कि टाइटन में फिलहाल तेजी की गुंजाइश नजर नहीं आती। उसने इस स्टॉक को बेचने की सलाह दी है। LKP सिक्योरिटीज का कहना है कि डेली चार्ट में कमजोर दिख रहा है, जो अल्पावधि में संभावित मंदी का संकेत दे रहा है। हाई लेवल पर यह 3460 के स्तर पर शॉर्ट टर्म रेजिटेंस के रूप में काम कर सकता है। निचले स्तर पर यह 3300 की ओर बढ़ सकता है।

# अब ऑनलाइन सट्टेबाजी में नहीं हो सकेगा रियल टाइम डेटा का इस्तेमाल, सेबी ने उठाया ये कड़ा कदम

**मार्केट रेगुलेटर सेबी (SEBI) ने रियल टाइम डेटा शेयरिंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। उसने स्टॉक एक्सचेंज क्लियरिंग मेंबर और स्टॉक ब्रोकर को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह थर्ड पार्टी के लिए रियल टाइम डेटा न साझा करें। अगर कोई डेटा शेयरिंग होती है उसका बाकायदा एग्रीमेंट हो और उसका रिकॉर्ड रखा जाए। एग्रीमेंट में यह भी साफ होना चाहिए कि इसका इस्तेमाल कहां होगा।**

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सेबी (SEBI) ने रियल टाइम डेटा शेयरिंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। उसने स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग मेंबर और स्टॉक ब्रोकर को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह थर्ड पार्टी के लिए रियल टाइम डेटा न साझा करें। अगर कोई डेटा शेयरिंग होती है, उसका बाकायदा एग्रीमेंट हो और उसका रिकॉर्ड रखा जाए।

**क्या कहा मार्केट रेगुलेटर?**

सेबी का कहना है कि डेटा शेयरिंग वाले एग्रीमेंट में यह भी साफ होना चाहिए कि इसका इस्तेमाल कहां होगा। ब्रोकर, एक्सचेंज के बोर्ड रिव्यू करेंगे कि किस काम के लिए डेटा साझा हो और किस काम के लिए नहीं। सेबी ने कहा, मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (MII) या मार्केट इंटरमीडियरीज को उन संस्थाओं के साथ स्पष्ट समझौता करना होगा, जिनके साथ वे रियल टाइम डेटा शेयर करना चाहते हैं। इसमें यह भी साफ किया जाना चाहिए कि किस काम के लिए डेटा दिया जाएगा और इसका कोई दुरुपयोग नहीं होगा। सेबी ने कहा कि MII के बोर्ड को हर वित्त वर्ष में कम से कम एक बार उन एंटिटीज के कामकाज की समीक्षा करनी चाहिए, जिन्होंने डेटा का इस्तेमाल किया है।

**सेबी ने क्या लिया यह फैसला?**

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब रियल टाइम डेटा का ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मों पर इस्तेमाल करके सट्टेबाजी, लीग और लेनदेन जैसी गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इन खेलों में अमूमन एंट्री फीस लगती है और जीतने पर इनामी राशि मिलती है। यहां पर यूजर्स दांव लगाते हैं कि रियल स्टॉक परफॉर्मेंस से जुड़ा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला पोर्टफोलियो कौन बना सकता है।

स्टॉक एक्सचेंज अलग-अलग मार्केट सेगमेंट्स के लिए स्टॉक ब्रोकर और ग्राहकों को पेड सर्विस के रूप में रियल टाइम डेटा ऑफर करते हैं। लेकिन, अब सेबी ने साफ कर दिया है कि शिक्षा और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों के लिए मार्केट डेटा को एक दिन बाद शेयर करने का निर्देश दिया है। सेबी ने कहा कि ये नियम इस सर्कुलर के जारी होने के 30 दिन बाद प्रभावी होंगे।

# कोच की बात सुन विराट कोहली को लग जाएगा धक्का, RCB की सबसे बड़ी कमजोरी बता गए एंडी फ्लावर



**आरसीबी का घर बेंगलुरू का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम है। इस स्टेडियम में जमकर रन बरसते हैं। आईपीएल में हर टीम अपने घर में ज्यादा से ज्यादा मैच जीतती है। लेकिन आरसीबी को अपने घर में भी कई बार हार मिलती है। इस सीजन की बात करें तो आरसीबी ने अपने घर में सात मैच खेले जिसमें उसे तीन में हार का सामना करना पड़ा।**

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का आईपीएल जीतने का सपना इस बार भी सपना ही रह गया। ये टीम एलिमिनेटर मुकाबले में हारकर सीजन से बाहर हो गई। आरसीबी को राजस्थान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इसी के साथ आरसीबी एक बार फिर खिताब से महरूम रह गई। हार के बाद टीम के कोच एंडी फ्लावर ने बड़ी बात कही है। उन्होंने जो बात कही है उसने टीम के गेंदबाजों पर सवाल उठा दिए हैं।

आरसीबी का घर बेंगलुरू का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम है। इस स्टेडियम में जमकर रन बरसते हैं। आईपीएल में हर टीम अपने घर में ज्यादा से ज्यादा मैच जीतती है। लेकिन आरसीबी को अपने घर में भी कई बार हार मिलती है। इस सीजन की बात करें तो आरसीबी ने अपने घर में सात मैच खेले जिसमें उसे तीन में हार का सामना करना पड़ा।

**अच्छे गेंदबाज चाहिए**

आरसीबी ने 2022-24 के बीच दो बार आईपीएल के प्लेऑफ में कदम रखा। अगले सीजन से पहले मेगा ऑक्शन होने हैं और इससे पहले आरसीबी के कोच ने बताया कि उनकी टीम में क्या कमी है और वह मेगा ऑक्शन में किस चीज पर काम करेंगे। फ्लावर ने अगले सीजन के लिए ऐसे गेंदबाज खोजने पर जोर दिया है जो चिन्नास्वामी की स्थितियों के हिसाब से गेंदबाजी कर सकें। इस सीजन आरसीबी के गेंदबाजों ने चिन्नास्वामी में 1850 रन बनाए हैं।

फ्लावर ने कहा, जहां तक अगले साल खिलाड़ियों को चुनने की बात है तो इस बारे में बात करना जल्दबाजी होगा। मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहता। मैं अभी भी इस बारे में सोच रहा हूं कि इस मैच (एलिमिनेटर) में क्या हुआ। अगर आपके सवाल का जवाब का एक हिस्सा देखूं तो, हां चिन्नास्वामी में खेलने के लिए गेंदबाजों को कुछ खास योग्यताओं की जरूरत होती है।

आपको चिन्नास्वामी में अच्छी स्किल वाले गेंदबाजों की जरूरत है। जिम्बाब्वे के पूर्व विकेटकीपर ने कहा, वहां सिर्फ तेजी होने से कुछ नहीं होगा। आपको ऐसे गेंदबाज चाहिए जो इंटेलिजेंट हों और जो चिन्नास्वामी के प्लान के हिसाब से गेंदबाजी कर सकें।

**विराट कोहली-फाफ को लगेगा धक्का**

फ्लावर ने अपने इस बयान से अप्रत्यक्ष तरीके से ही ये बता दिया है कि आरसीबी की मौजूदा टीम में ऐसे गेंदबाज नहीं हैं जो चिन्नास्वामी के हिसाब से गेंदबाजी कर सकें।

फ्लावर की ये बात सुनकर विराट कोहली और कप्तान फाफ डू प्लेसी को जरूर धक्का लगेगा। विराट वो खिलाड़ी हैं जो लंबे समय तक चिन्नास्वामी पर खेलते आए हैं और टीम चुनने में उनकी राय जरूर ली जाती होगी।

# 2024 जून में कब-कब है प्रदोष व्रत

**पंचांग के अनुसार प्रदोष काल में पड़ने वाली त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत ( 2024 ) किया जाता है। यह व्रत मुख्यतः भगवान शिव की पूजा के लिए समर्पित माना गया है।**

**नई दिल्ली।** प्रदोष व्रत देवों के महादेव को समर्पित है। त्रयोदशी तिथि को भगवान शिव की कृपा प्राप्ति के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत किया जाता है। मान्यता है

भगवान शिव की पूजा करने से साधक को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। अब जून का महीना शुरू होने वाला है।

**जून माह का पहला प्रदोष व्रत**

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 04 जून को रात 12 बजकर 18 मिनट पर होगी और इसका समापन अगले दिन यानी 04 जून को रात 10 बजकर 01 मिनट पर होगा। ऐसे में प्रदोष व्रत 04 जून को रखा जाएगा।

**जून का दूसरा प्रदोष व्रत**

प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना संध्याकाल में करने का विधान है।

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 19 जून को सुबह 07 बजकर 28 मिनट से होगा और इसके अगले दिन यानी 20 जून को सुबह 07 बजकर 49 मिनट पर तिथि का समापन होगा। ऐसे में 20 जून को प्रदोष व्रत किया जाएगा।

पूजा के दौरान इन मंत्रों का करें जाप

महामृत्युंजय मंत्र

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

रूद्र गायत्री मंत्र

? तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात॥

शिव प्रार्थना मंत्र

करचरणकृतं वाक् कायजं कर्मजं
श्रावण वाणंजं वा मानसंवापराधं ।
विहितं विहितं वा सर्व मेतत् क्षमस्व
जय जय करुणाब्धे श्री महादेव शम्भो

# 2024-ज्येष्ठ अमावस्या पर हो रहा है शिववास योग का निर्माण, प्राप्त होगा पितरों का आशीर्वाद



**ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में भगवान शिव का अभिषेक करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही बिगड़ी किस्मत भी संवर जाती है। इस दिन शिववास योग संध्याकाल 06 बजकर 07 मिनट तक है। इस समय तक भगवान शिव जगत जननी मां गौरी के साथ कैलाश पर विराजमान रहेंगे।**

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप और दान किया जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इसके बाद सूर्य देव, भगवान विष्णु एवं देवों के देव महादेव की पूजा करते हैं। गरुड़ पुराण में निहित है कि अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण और पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही व्यक्ति को पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पितरों के आशीर्वाद से सुख, समृद्धि और वंश में वृद्धि होती है। अतः अमावस्या तिथि पर साधक पितरों की भी पूजा करते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में पितरों की पूजा करने से साधक को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। आइए जानते हैं-

**कब है ज्येष्ठ अमावस्या ?**

ज्योतिष गणना के अनुसार, 06 जून को ज्येष्ठ अमावस्या है। ज्येष्ठ अमावस्या तिथि की शुरुआत 05 जून को संध्याकाल 07 बजकर 54 मिनट पर होगी और 06 जून की शाम 06 बजकर 07 मिनट पर समाप्त होगी। साधक 06 जून को स्नान-दान कर सकते हैं।

**शिववास योग**

ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में भगवान शिव का अभिषेक करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही बिगड़ी किस्मत भी संवर जाती है। इस दिन शिववास योग संध्याकाल 06 बजकर 07 मिनट तक है। इस समय तक भगवान शिव, जगत जननी मां गौरी के साथ कैलाश पर विराजमान रहेंगे।

**धृति योग**

ज्येष्ठ अमावस्या पर धृति योग का भी संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण देर रात 10 बजकर 09 मिनट तक हो रहा है। ज्योतिष धृति योग को बेहद शुभ मानते हैं। इस योग में स्नान-दान करना बेहद शुभकारी माना जाता है।

# गेमिंग फर्म नाजारा ने Q4 में कमाया 17 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट

**स्पोर्ट्स मीडिया प्लेटफॉर्म नाजारा टेक्नोलॉजीज ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही में अपने निरंतर संचालन से शुद्ध लाभ 17.1 करोड़ रुपये होने की घोषणा की जो पिछले वित्तीय वर्ष में इसी अवधि में 11.9 करोड़ रुपये की तुलना में 43.6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी वित्त वर्ष 2025 के बारे में आशावादी हैं राजस्व और ईबीआईटीडीए दोनों में त्वरित वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।**

**नई दिल्ली।** गेमिंग और स्पोर्ट्स मीडिया प्लेटफॉर्म नाजारा टेक्नोलॉजीज ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही में अपने निरंतर संचालन से शुद्ध लाभ 17.1 करोड़ रुपये होने की घोषणा की, जो पिछले वित्तीय वर्ष में इसी अवधि में 11.9 करोड़ रुपये की तुलना में 43.6 प्रतिशत अधिक है।

तिमाही के लिए परिचालन राजस्व 266.2 करोड़ रुपये था, जो साल-दर-साल 8 प्रतिशत कम है, जो वित्त वर्ष 2013 की समान तिमाही में 289.3 करोड़ रुपये था। पूरे वित्तीय वर्ष के लिए, शुद्ध लाभ 21.8 प्रतिशत बढ़कर 74.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक बयान में कहा, वित्त वर्ष 2013 में 61.4 करोड़ रुपये के मुकाबले।

**रेवैन्यू में बढ़ोतरी**

ईबीआईटीडीए वृद्धि नज़ारा टेक्नोलॉजीज के संस्थापक, सीईओ और संयुक्त एमडी नीतीश मित्तरसैन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में राजस्व 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1,138.3 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 1,091 करोड़ रुपये था।

उल्लेखनीय रूप से, परिचालन नकदी प्रवाह बढ़कर 131.4 करोड़ रुपये हो गया, जो कंपनी के मजबूत अंतर्निहित प्रदर्शन को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि हमने नाजारा और सहायक कंपनियों में 950 करोड़ रुपये जुटाए, जो अब तक का हमारा सबसे बड़ा धन है, जिसके परिणामस्वरूप 1,450 करोड़ रुपये का शुद्ध नकद शेष रहा।

**लोकप्रिय मोबाइल क्रिकेट गेम्स के डेवलपर्स**

नाजारा गेमिंग (विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप, किडोपिया, एनिमल जैम, क्लासिक रम्मी आदि), ईस्पोर्ट्स (नोडविन गेमिंग, स्पोर्ट्सकीड़ा) और विज्ञापन (डेटावर्कज) में काम करता है। हम वित्त वर्ष 2025 के बारे में आशावादी हैं, राजस्व और ईबीआईटीडीए दोनों में त्वरित वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

कंपनी ने वर्ल्ड क्रिकेट चैम्पियनशिप फ्रेंचाइजी के तहत लोकप्रिय मोबाइल क्रिकेट गेम्स के डेवलपर्स नेक्स्टवेव मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा की है।

# गर्मियों में जरूर बनाएं कच्चे आम से बनी ये स्वादिष्ट डिशेज, स्वाद के साथ लू से मिलेगी राहत





**आम को हम पका हुआ खाएं या कच्चा दोनों ही रूपों के अलग स्वाद और अलग स्वास्थ्य लाभ होते हैं। खासकर की कच्चे आम के फायदे कई होते हैं इसे खाना गर्मियों में बेहद फायदेमंद होता है। आज हम आपको कच्चे आम की रेसिपी घर में बनाने के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन्हें खाने से आप भी कच्चे आम के स्वास्थ्य लाभ उठा सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** गर्मियों का मौसम शुरू होने का मतलब आम का मौसम शुरू होना होता है। चाहे पका आम हो या कच्चा आम लोग इन्हें बड़े ही शौक से खाते हैं। जहां पके आम को साबुत, आम रस या मैंगो शेक बनाकर पिया जाता है। वहीं कच्चे आम का आम पन्ना, चटनी और खटाई बनाके खाई जाती है। लेकिन यह खाते हुए क्या आप सोचते हैं कि कच्चे आम खाने के कई फायदे हो सकते हैं? अगर किसी डिश को खाते हुए उसके फायदे पता हो, तो उसका स्वाद और बढ़ जाता है। गर्मियों में कच्चे आम खाने के फायदे गर्मी के मौसम में कच्चा आम खाने से शरीर में हाइड्रेशन बना रहता है। इसमें मौजूद विटामिन ष्ट इम्युनिटी को बढ़ाता है और विटामिन् आंखों के विजन के लिए बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा कच्चे आम या उससे जुड़ी डिशेज खाने से डाइजेशन में भी सुधार होता है। साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो आपको सेहतमंद रखने में मदद कर सकते हैं। कच्चे आम को घर में कई तरह की डिशेज बनाकर खाया जा सकता है। आज हम आपके लिए ऐसी ही कच्चे आम की कई सारी रेसिपी लेकर आए हैं।

**कच्चे आम से बनाई जाने वाली डिशेज**

**कच्चे आम का अचार**

यह एक ट्रेडिशनल भारतीय अचार है जो बहुत ही स्वादिष्ट होता है। लगभग हर घर में लोग आम का मौसम आने पर अचार जरूर बनाते हैं।

**कच्चे आम की चाट**

यह एक स्वादिष्ट और हेल्दी चाट है। इस चाट को कच्चे आम, प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, धनिया आदि को मिलाकर बनाया जाता है।

**कच्चे आम की चटनी**

यह चटनी बेहद ही स्वादिष्ट और चटपटी होती है। इसे घर में आसानी से बनाया जा सकता है। इसको आप रोटी, पराठा या पकोड़ों के साथ खा सकते हैं। कच्चे आम की चटनी साइड डिशेज के साथ खाने में बहुत स्वादिष्ट लगती है।

**कच्चे आम का पन्ना**

यह एक ठंडी और हेल्दी ड्रिंक है, जिसे कच्चे आम का रस, चीनी और पानी मिलाकर बनाया जाता है। आम पन्ना गर्मियों में पीने से शरीर तरोताजा बना रहता है।

**कच्चे आम का टिक्का**

कच्चे आम के टिक्के को स्?टार्टर के तौर पर खाया जाता है। इसमें कच्चे आम के टुकड़ों को पीसकर उनका मसाला बनाकर पनीर को मैरीनेट किया जाता है और पकाया जाता है। यह खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है।

# एक गिलास गन्ने का जूस आपकी सेहत पर डाल सकता है ये घातक असर



**नई दिल्ली।** गर्मियों के मौसम में गन्ने का जूस पीना किसे नहीं पसंद? तपती गर्मी में जब एक गिलास गन्ने का रस पीने को मितला है, तो बेहद तरोताजा महसूस होने लगता है, लेकिन ये कुछ पलों की ताजगी आपकी सेहत पर गलत असर डाल सकती है। गन्ने का जूस पीने से सेहत को कई नुकसान हो सकते हैं। इसलिए, समय रहते इससे होने वाले नुकसान को जान लेना बहुत जरूरी है।

गन्ने का रस पीने के कुछ नुकसान हो सकते हैं, विशेष रूप से अगर इसे अधिक मात्रा में पिया जाता है या फिर कोई पहले से बीमार व्यक्ति इसे पिए तो। खासकर कि डाइजेशन और डाइबिटीज से जूझने वाले लोगों के लिए ये जहर पीने के बराबर है। आइए जानते हैं गन्ने के रस को पीकर होने वाले नुकसानों के बारे में।

**गन्ने का जूस पीने से हो सकते हैं ये नुकसान**

**शुगर लेवल बढ़ने का खतरा**

यह जूस गन्ने के रस से बनाया जाता है। इसमें शुगर काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। इसको पीने से शुगर लेवल हाई हो सकता है, जिससे डायबिटीज होने का खतरा भी बढ़ सकता है।

**वजन में बढ़ोतरी**

गन्ने के जूस में शुगर बहुत ज्यादा होती है। साथ ही यह एक्स्ट्रा कैलोरीज का सोर्स होता है। इसलिए इस जूस को पीने से वजन बढ़ने का खतरा बढ़ सकता है।

**दांत हो सकते हैं खराब**

गन्ने के रस में शुगर होने के कारण यह दांतों के लिए सही नहीं होता। इसे पीने से कैविटीज होने न का खतरा बढ़ सकता है।

**पाचन में परेशानी**

ज्यादा गन्ने का जूस पीना पाचन से जुड़ी समस्याओं जैसे कि एसिडिटी, और गैस की समस्या को बढ़ा सकता है। **एलर्जी होने का खतरा**

ज्यादा सेंसिटिव लोगों को गन्ने का जूस पीने से एलर्जी हो सकती है, जैसे स्किन रैशेज और त्वचा में परेशानी। इसलिए जो लोग ज्यादा सेंसिटिव होते हैं, उन्हें गन्ने का जूस पीने से पहले विचार करना चाहिए।

# मदर इंडिया देखकर हर कोई शेफाली शाह ने फिल्मों का बचाव करते हुए कही ये बड़ी बात





**शेफाली शाह एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई फिल्मों और शो में काम किया है। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में फिल्मों का बचाव करते हुए कहा है कि हर सबक लोग फिल्मों से सीख रहे हैं ऐसा नहीं है। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर फिल्म अच्छा प्रभाव नहीं डाल पा रही तो बुरी चीजों के लिए सारी जिम्मेदारी सिर्फ उस पर क्यों डाली जा रही है।**

**नई दिल्ली।** कई बार फिल्में तब विवाद में आ जाती हैं, जब उसके किसी दृश्य से दर्शक संतुष्ट नहीं होते या फिर उनकी भावनाएं आहत होती हैं। इंटरनेट मीडिया के दौर में यह तेजी से होता है। एनिमल फिल्म के साथ ऐसा तब हुआ था, जब रणबीर कपूर का किरदार तृप्ति डिमरी के किरदार से जूते चाटने के लिए कहता है। फिल्म के उस सीन पर ट्रोलिंग हुई थी।

अब एक साक्षात्कार में शेफाली शाह ने फिल्मों का बचाव करते हुए कहा कि मदर इंडिया फिल्म देखकर हर कोई मदर इंडिया की इज्जत तो नहीं करने लग गया ना। अगर फिल्म बराबरी का अच्छा प्रभाव नहीं डाल पा रही है, तो बुरी चीजों के लिए सारी जिम्मेदारी केवल उस पर क्यों डाली जा रही है। लोग जिम्मेदारियां एक फिल्म पर डाल रहे हैं। सिर्फ एनिमल फिल्म की ही बात नहीं है। जब आइटम नंबर्स करते हैं, तो कहा जाता है कि महिला को एक सजावटी वस्तु की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन वह भूल जाते हैं कि वह महिला भी तो आइटम नंबर करने के लिए तैयार है। कोई सर पर बंदूक रखकर नहीं कराया गया है। फिल्मों में दिखाया जाता है कि बेटा अपनी मां की कितनी इज्जत कर रहा है।


क्या लोग वह सीखते हैं? ऐसा तो नहीं है न कि हर पाठ वह फिल्मों से सीख रहे हैं। जब अच्छी बातें नहीं अपना रहे हैं, तो ऐसा क्यों सोचना कि सब बुरा फिल्मों की वजह से सीख रहे हैं। फिल्मों पर इस तरह का बोझ डालना बहुत ही अवास्तविक है। मुझे लगता है कि आपको कंटेंट या तो पसंद आ सकता है या नहीं।

दर्शकों की जो भी पसंद होगी, उसकी इज्जत है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि यह दिखाओ, वो मत दिखाओ। शेफाली शाह ओटीटी की क्वीन कही जाती हैं। उन्होंने अभी तक अपने करियर में एक से बढ़कर एक हिट शो में काम किया है। उनके शो दिल्ली क्राइम को लोगों ने काफी पसंद किया था।

SAVE WATER SAVE ENVIRONMENT

# करीना कपूर से लेकर रवीना टंडन तक, सेलेब्स ने खास अंदाज में करण जौहर को विश किया बर्थडे





**करण जौहर आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी स्टोरी टेलिंग से दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया है। आज फिल्ममेकर 52 साल के हो गए हैं और उनके इस जन्मदिन पर बॉलीवुड सेलेब्स से लेकर फैंस तक उन्हें बर्थडे विश कर रहे हैं। करीना कपूर खान रवीना टंडन और मलाइका अरोड़ा समेत कई स्टार्स ने उन्हें बधाई दी है।**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने निर्माता-निर्देशक करण जौहर अपनी बेहतरीन स्टोरी टेलिंग के लिए जाने जाते हैं। उनकी एक्शन फिल्में हो या रोमांटिक लोगों को काफी पसंद आती हैं। आज का दिन करण के लिए बेहद खास है, क्योंकि 25 मई को वह अपना 52वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास दिन पर उनके फैंस से लेकर बॉलीवुड के सेलिब्रिटी दोस्त तक करण जौहर को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। इस लिस्ट में मलाइका अरोड़ा से लेकर रवीना टंडन तक का नाम शामिल है।

**रवीना टंडन ने शेयर की खास तस्वीरें**

रवीना टंडन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर करण जौहर के साथ कई नई और पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में दोनों के बीच अच्छा बॉन्ड देखने को मिल रहा है। वहीं, कुछ फोटोज में रवीना और करण के साथ रेखा, काजोल, मनीष मल्होत्रा भी दिख रहे हैं। फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा कि जन्मदिन मुबारक हो करण जौहर। हमेशा प्यार और सफलता मिले। उड़ने तक हम हमेशा 18 के रहें।

**करीना ने लुटाया प्यार**

करीना कपूर खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर करण की दो तस्वीरें शेयर की है। पहली फोटो में फिल्ममेकर कुछ खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो के कैप्शन में लिखा कि आपके जन्मदिन पर मैं आपको लेगोलैंड की दो टिकट दे रही हूं। आप और मैं। मैं तुमसे इतना प्यार करती हूं। हैप्पी बर्थडे मायच्छ्ह्ह। दूसरी फोटो में करण और करीना कपूर साथ में पोज दे रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि आप जैसा कोई भी नहीं है। लव यू फॉरएवर करण।

**मलाइका अरोड़ा ने किया विश**

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने करण के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा कि हैप्पी बर्थडे यू बॉय, लव यू लोड्स।

**करण की पार्टी में शामिल हुए सेलेब्स**

बीते दिन करण जौहर ने अपने जन्मदिन की पार्टी रखी, जिसमें काजोल, फराह खान, अनिल कपूर और उनकी पत्नी सुनीता कपूर, नताशा पूनावाला समेत कई बॉलीवुड के सेलेब्स शामिल हुए।

# तोरई की सब्जी देखते ही बना लेते हैं मुंह? तो जान लें इसे खाने के फायदे



**लोग अकसर घर में लौकी और तोरई की सब्जी खाकर बोर हो जाते हैं और बाजार में बाहर का जंक फूड खाने निकल पड़ते है। इस सब्जी से परहेज करने वाले लोग कई हैं लेकिन शायद वह इसको खाने से होने वाले फायदों के बारे में नहीं जानते हैं। आइए जानते हैं तोरई खाने से होने वाले फायदों के बारे में।**

**नई दिल्ली।** हर किसी ने अपने घर में तोरई की सब्जी तो खाई होगी? यह हर भारतीय घर में बनने वाली एक आम डिश है। खासकर की, गर्मियों के मौसम में इसे लगभग हर घर में बनाया जाता है। कई लोग इस सब्जी को देखकर मुंह बना लेते हैं, क्योंकि वह इस सब्जी से होने वाले फायदों के बारे में नहीं जानते हैं, तो आइए जानते हैं गर्मियों में तोरई की सब्जी खाने के फायदों के बारे में।

**गर्मियों में शरीर को रखती है ठंडा**

तोरई में पानी की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर को ठंडा रखने में मदद करती है। गर्मियों में तोरई की सब्जी खाने से आपको ठंडक मिलती है और शरीर का तापमान नियमित रहता है। यह आपको तपती गर्मी में अंदर से लड़ने में मदद करती है।

**हाइड्रेशन**

तोरई में पानी की अच्छी मात्रा होती है। इसको खाने से शरीर में हाइड्रेशन बना रहता है, जो गर्मियों में शारीरिक शक्ति बनाए रखने में मदद करता है। शरीर में हाइड्रेशन सही न होने से आपको चक्कर भी आ सकते हैं।

**एनर्जी**

तोरई में कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन, और विटामिन्स की अच्छी मात्रा होती है, जो आपको एनर्जी का बैलेंस और शारीरिक शक्ति देती है। यह एक हरी सब्जी होती है, जिसमें विटामिन और मिनरल जैसे कई गुण होते हैं।

**पाचन बेहतर होना**

तोरई में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो डाइजेशन को बैलेंस रखने में मदद करती है और अपच या गैस की समस्याओं से बचाव करती है।

हफ्ते में कम से कम दो बार इसको जरूर खाना चाहिए, इसे खाने से पेट से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।

**वजन कम होना**

घर में बनी तोरई की सब्जी आपको भूख को कंट्रोल करने में मदद कर सकती है, जिससे आपको वेट लॉस करने में मदद मिल सकती है। यह मोटापे से जूझ रहे लोगों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**

तोरई में पाए जाने वाले विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स स्वस्थ त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं, जो गर्मियों में स्किन को प्रोटेक्ट करते हैं।

# क्यों खाने के लिए दाल-चावल हैं बेस्ट ऑप्शन? जानें उन्हें खाने के फायदे




**दाल और चावल सुनने में भले ही मजेदार न लगते हो लेकिन ये सादा खाना सेहत के लिए कितना फायदेमंद होता है इसका आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते। दरअसल ये दोनों फूड आइटम्स पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इस आर्टिकल में हम दाल और चावल खाने के फायदों के बारे में जानने की कोशिश करेंगे। आइए जानते हैं दाल-चावल कैसे सेहत के लिए फायदेमंद है।**

**नई दिल्ली।** दाल-चावल को सबसे बेस्ट कंफर्ट फूड माना जाता है। जब कोई बीमार हो या थका हो, झट से दाल-चावल बना लेता है। क्योंकि इन्हें बनाने भी आसान है और ये काफी टाइम सेविंग भी हैं। अक्सर लोगों को रात के समय दाल-चावल खाना पसंद होता है, क्योंकि ये खाने में हल्का और तृप्ति पहुंचाने वाला माना जाता है। दाल-चावल को जब एक साथ खाते हैं, तो शरीर को कई सारे पोषक तत्व मिलते हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन, फाइबर, विटामिन-ए विटामिन-डी, विटामिन-ई, विटामिन-बी1, विटामिन-सी, विटामिन- के, एंटीऑक्सीडेंट आदि शरीर के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। आइए जानते हैं दाल चावल खाने के फायदों के बारे में।

**संतुलित भोजन**

दाल-चावल को एक संतुलित भोजन माना जाता है। दाल में मौजूद प्रोटीन और चावल में मौजूद कार्ब्स से शरीर को भरपूर एनर्जी मिलती है। साथ ही जरूरी पोषक तत्त्व भी।

**प्रोटीन का अच्छा सोर्स**

दाल-चावल प्रोटीन का अच्छा सोर्स माने जाते हैं। इसके सेवन से जरूरी अमीनो एसिड की कमी पूरी होती है, जो ओवरऑल हेल्थ और मसल्स के लिए फायदेमंद होते हैं।

**पाचन दुरुस्त रखते हैं**

दाल-चावल पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करते हैं। अगर आप पेट से जुड़ी समस्याएं हो रही है, तो रात के वक्त इसका सेवन करना आपके पेट के लिए काफी अच्छा रहता है। ये लाइट मील आपको पेट में जलन, एसिडिटी आदि होने से बचाते हैं।

**दालों की वैरायटी**

दाल-चावल बनाने के लिए और टेस्ट बदलने के लिए आप दालों के कई प्रकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। दाल मखनी से लेकर दाल तड़का तक आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद ऑप्शन हैं।

**वेस लॉल में भी मदद करते हैं**

चावल-दाल वेट लॉस में भी मदद करते हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर खाने के बाद होने वाली अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग को शांत करते हैं।

इसके साथ ही, ये मेटाबॉलिज्म को भी दुरुस्त रखते हैं, जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

**जल्दी और आसानी से बनने वाला खाना**

दाल-चावल एक जल्दी और आसानी से बनने वाला डिनर है। जब आप थके हुए हो तो आसानी से इसे बना सकते हैं। इसे बनाने में महज 15-20 मिनट का समय लगेगा।

# सेहत के लिए हानिकारक हैं जीभ को लुभाने वाले प्रोसेस्ड फूड्स, जानें इससे होने 5 खतरनाक नुकसान

**इन दिनों लोगों की लाइफस्टाइल में लगातार बदलाव हो रहे हैं। खानपान की आदतों से लेकर रहन-सहन तक आजकल सब कुछ बदल रहा है। भागती-दौड़ती जिंदगी में अब लोगों के पास दो पल सुकून तक के नहीं है। ऐसे में अकसर जल्दबाजी या शौक के चलते लोग प्रोसेस्ड फूड्स को लाइफ का हिस्सा बनाते जा रहे हैं। जानते हैं Processed Foods के हानिकारक प्रभाव।**

**नई दिल्ली।** इन दिनों लोगों की लाइफस्टाइल तेजी से बदलती जा रही है। काम के बढ़ते बोझ की वजह से इन दिनों लोगों के बाद पास चैन से बैठकर खाने तक का समय नहीं होता है। ऐसे में जल्दबाजी के चक्कर में लोग अकसर अनहेल्दी प्रोसेस्ड फूड्स खाने लगते हैं। प्रोसेस्ड फूड्स स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं, क्योंकि उनमें एक्सट्रा चीनी, नमक और फैट का स्तर ज्यादा होता है, जिससे मोटापा, हार्ट डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आइए जानते हैं प्रोसेस्ड फूड्स खाने के कुछ हानिकारक प्रभावों के बारे में-

**एक्स्ट्रा शुगर**

प्रोसेस्ड फूड्स में चीनी की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जो इन फूड्स को आर्टिफिशियल तरीके से मीठा करता है और इसमें कैलोरी भी ज्यादा मात्रा में होती है। ऐसे में रोजाना इसका सेवन करने से मोटापा, डायबिटीज और सूजन संबंधी बीमारियां आदि का खतरा हो सकता हैं।

**ट्रांस फैट**

ट्रांस फैट वाले फूड आइटम्स खाने से हार्ट डिजीज या स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए इन प्रोसेस्ड फूड्स में भरपूर मात्रा में ट्रांस फैट मिलाया जाता है।

**पोषक तत्वों की कमी**

प्रोसेस्ड फूड्स में पोषक तत्वों की मात्रा कम होती है, क्योंकि उनमें विभिन्न आर्टिफिशियल सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। यह शरीर के लिए बेहद अनहेल्दी होते हैं और कई स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बन सकता है।

**कैलोरी से भरपूर**

प्रोसेस्ड फूड्स कैलोरी से भरपूर होते हैं। ऐसे में ज्यादा मात्रा में इन्हें खाने से आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। इससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ता है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं की वजह बन सकता है।

**रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट**

कार्बोहाइड्रेट एक संतुलित आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि, प्रोसेस्ड फूड्स में पदार्थों में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होते हैं। इससे ब्लड शुगर के स्तर में लगातार उतार-चढ़ाव होता है, जिससे टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

# गुंजन सक्सेना के दौरान जाह्नवी कपूर ने मांगी थी मन्नत, पंकज त्रिपाठी से जुड़ा है दिलचस्प किस्सा





**जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने अपने अभिनय से फैंस को अपना दीवाना बना दिया है। अब जल्द ही एक्ट्रेस राजकुमार राव के साथ फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दिखाई देने वाली हैं जो कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब इसी फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने पंकज त्रिपाठी से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया है।**

**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चों में बनी हुई हैं। इस मूवी में उनके साथ अभिनेता राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। एक्ट्रेस जमकर फिल्म का प्रमोशन करते हुए नजर आ रही हैं। इसी दौरान उन्होंने एक इंटरव्यू में फिल्म गुंजन सक्सेना-द कारगिल गर्ल से जुड़ा एक किस्सा भी शेयर किया। जाह्नवी कपूर ने गुंजन सक्सेना में अपने पसंदीदा अभिनेताओं में से एक पंकज त्रिपाठी के साथ काम करने के समय को याद किया और अपना अनुभव शेयर किया। एक्ट्रेस ने बताया कि अभिनेता के साथ काम करना उनकी विश लिस्ट में शामिल था।

**सेट पर ऐसे बर्ताव करती थीं जाह्नवी**

हाल ही में जाह्नवी कपूर से जब एक इंटरव्यू में उस अभिनेता का नाम बताने के लिए कहा गया, जिसके साथ काम करना उनकी विश लिस्ट में था, तो एक्ट्रेस ने इसके जवाब में बताया कि वह पंकज त्रिपाठी थे। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं पंकज त्रिपाठी सर के साथ काम करना चाहती थी। वह मेरी विश लिस्ट सूची में थे। गुंजन सक्सेना के सेट पर मौजूद लोग जानते हैं कि मैं एक पागल लड़की की तरह बिहेव करती थी, क्योंकि मैं उनकी बहुत बड़ी फैन थी और आज भी हूं।

**जाह्नवी ने मांगी थी मन्नत**

इसके आगे एक्ट्रेस ने कहा कि मैंने मन्नत मांगी थी कि पंकज त्रिपाठी इस फिल्म को करने के लिए राजी हो जाए और इसके लिए मैंने करीब 10 से 12 दिनों तक नॉन वेज खाना बंद कर दिया था। बता दें कि जाह्नवी और पंकज त्रिपाठी ने साथ में गुंजन सक्सेना में काम किया था। यह मूवी साल 2020 में रिलीज हुई थी।

**जाह्नवी का वर्क फ्रंट**

एक्ट्रेस के वर्क फ्रंट की बात करें, तो वह जल्द ही मिस्टर एंड मिसेज माही में दिखाई देने वाली हैं, जो 31 मई को रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही वह उलझ में भी नजर आएंगी।

## संता ड्रिंक करके नंबर डायल करता है

तभी लड़की की आवाज़ आती है...
कॉल करने के लिए आपके पास पर्याप्त बैलेंस नहीं है, कृपया रिचार्ज करवाएं संता- बस तुमसे बात हो जाती है ये ही काफी है मेरे लिए!

**संता बड़ा परेशान था, बेचारे की शादी जो नहीं हो रही थी।**

हर बार शादी होते-होते टूट जाती।
सारे दोस्तों से पूछ लिया लेकिन कोई समाधान नहीं मिला।
बेचारा एक दिन एक पंडित जी के पास पहुंच गया।
संता बोला- पंडित जी कोई उपाय बताएं, मेरी शादी नहीं हो रही, हमेशा टूट जाती है।
पंडित जी ने कहा- शादी हो जाएगी, लेकिन सबसे पहले तुम लोगो से सदा सुखी होने का आशीर्वाद लेना बंद करो।

**संता मोबाइल कम्पनी में नौकरी लेने गया तो**

पहले ही सवाल का जवाब देने पर उसको भगा दिया गया!
सवाल- सबसे बड़ा नेटवर्क कौन सा है?
संता- कार्टून नेटवर्क!

# वेट लॉस से लेकर हेल्दी हार्ट तक, ब्लूबेरी खाने से सेहत को मिलते हैं ये 5 शानदार फायदे

**ब्लूबेरी छोटा गोल और नीले रंग का एक फल है जो न सिर्फ स्वाद बल्कि सेहत के लिए भी काफी शानदार होता है। कई लोग इसे नीलबदरी के नाम से भी जानते हैं जिसकी ज्यादातर पैदावार यूरोप एशिया नॉर्थ और साउथ अमेरिका में देखने को मिलती है। अन्य फलों के मुकाबले मार्केट में यह थोड़ी महंगी मिलती है**

**नई दिल्ली।** खट्टा-मीठा और रसीला यह फल न सिर्फ खाने में टेस्टी लगता है, बल्कि सेहत के लिहाज से भी किसी खजाने से कम नहीं है। भले ही, अन्य फलों के मुकाबले यह थोड़ा महंगा जरूर है, लेकिन आज इस आर्टिकल में हम आपको ब्लूबेरी खाने के ऐसे लाजवाब फायदे बताएंगे, कि उसके बाद आपको भी इसपर पैसे खर्च करते हुए जरा भी नहीं सोचना पड़ेगा। आइए जानते हैं कि कैसे विटामिन सी, विटामिन के, पोटेशियम, मैंगनीज, फाइबर और कई जरूरी एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर इस फल को खाने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

**वेट लॉस में मददगार**

ब्लूबेरी में कैलोरी की मात्रा कम, तो वहीं फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, ऐसे में इसे खाने से आपका वजन नहीं बढ़ेगा और आप काफी देर तक फुल महसूस करेंगे और ओवरईटिंग से बच सकेंगे। बता दें, कि इसमें एन्थोसायनिन नामक तत्व भी पाया जाता है, जो वजन को कंट्रोल में रखने में काफी मददगार होता है।

**हार्ट के लिए लाभकारी**

ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और दिल से जुड़ी कई बीमारियों के जोखिम को कम करने में ब्लूबेरी काफी फायदेमंद होती है। इसके सेवन से आप हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को भी कम कर सकते हैं। विटामिन सी, विटामिन बी 6, एन्थोसाइनिन, पोटेशियम, और फाइबर की मौजूदगी इसे हार्ट के लिए हेल्दी बनाने का काम करती है।

**बेहतर डाइजेशन**

डाइजेशन यानी पाचन की नजर से भी ब्लूबेरी का सेवन आपके लिए काफी फायदेमंद है। बता दें, इसे खाने से पेट दर्द, गैस, एसिडिटी और अपच को दूर करने में भी मदद मिलती है और पाचन बेहतर होता है।

**ब्रेन के लिए फायदेमंद**

ब्लूबेरी में शामिल एंटीऑक्सीडेंट्स ब्रेन के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। कई स्टडीज में भी यह बात सामने आ चुकी है, कि इससे स्ट्रेस को कम करने में मदद मिल सकती है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन्स, मिनरल्स और फाइटो न्यूट्रिएंट्स सेंट्रल नर्वस सिस्टम को हेल्दी रखने का काम करते हैं।

**हेल्दी स्किन**

ब्लूबेरी में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन ई और कई शानदार एंटीऑक्सीडेंट्स का खजाना होता है, जो आपकी स्किन को हेल्दी रखने में मदद करते हैं और बढ़ती उम्र में त्वचा को हेल्दी बनाए रखने का काम करते हैं।

# मतगणना कार्य पर माईक्रों आर्ब्जवर कड़ी नजर रखे -श्री जैन

**गणना स्थल पर मोबाईल वर्जित- माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण सम्पन्न**



**नीमच।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन की उपस्थिति में 25 मई शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में माईक्रो आर्ब्जवर को मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने कहा, कि मतणगना कार्य एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। मतगणना में किसी तरह की कोई गलती ना हो, इसलिए यह जरूरी है, कि मतगणना का कार्य सावधानीपूर्वक करें। मतगणना प्रक्रिया पर माईक्रो आर्ब्जवर अपनी कडी नजर रखे। प्रशिक्षण में प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया, कि मतगणना के दौरान छोटी-छोटी बातों को भी गम्भीरता से लें, और उनका पालन सुनिश्चित करें। गणना के दौरान पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता बरतने तथा निर्वाचन नियमों का अनुसरण करने के निर्देश भी दिए गए।इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक, भी उपस्थित थी । मास्टर ट्रेनर्स डॉ.राजेश पाटीदार एवं श्री मनोज जैन ने ईव्हीएम और वीवीपीएटी मशीन का प्रदर्शन कर , गणना के बारे में विस्तार से समझाईश दी। मतणना की प्रक्रिया समझाई मास्टर ट्रेनर्स डॉ.राजेश पाटीदार ने ईव्हीएम से मतों की गिनती की प्रक्रिया को प्रजेंटेशन के माध्यम से समझाया।

**गणना टेबल लगेगी-** प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र मनासा व जावद के मतों की गिनती के लिए 14-14 टेबले एवं नीमच क्षेत्र के लिए 16 टेबले मतगणना कार्य में लगेगी। प्रत्येक गणनाकक्ष में एक-एक सहायक रिटर्निग आफीसर भी तैनात किये गये है। इसके अलावा प्रत्येक गणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक तथा एक माईक्रो आब्जर्वर भी तैनात रहेगे। गणना में लगे,सभी कर्मचारियों को मतगणना स्थल पर प्रात:6 बजे उपस्थित होना होगा। इन कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन करने के लिए चुनाव प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रात: 6 बजे उपस्थित होकर यह कार्य सम्पन्न करेगे। कलेक्टर द्वारा प्रशिक्षित कर्मचारियों की सूची प्रेक्षक को दी जाएगी। गणना पर्यवेक्षक और सहायकों को एक यूनिक सीरियल या कोड नम्बर भी आंवटित किया जाएगा। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में होगी । गणना के लिए रिजर्व कर्मचारियों को भी नियुक्त किया जाएगा। प्रत्येक चक्र की गणना होने के उपरांत सारणीकरण कर, प्राप्त मतो का विवरण प्रेक्षक से प्रतिहस्ताक्षरित करने के बाद ही उदघोषित किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में निर्देश दिए गए कि गणना कार्य में संलग्न कर्मचारी सही रिपोर्ट करेगे।

# सी एम साहब के निर्देश, और अलर्ट हुई नीमच पुलिस, रतनगढ़ में मंदिरों और मस्जिदों से हटाएं ये उपकरण



**नीमच।** प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के आदेश अनुसार एवं एसपी से अंकित जायसवाल के निर्देशानुसार सभी धार्मिक एवं अन्य स्थलों पर नियम विरुद्ध लगे लाउड स्पीकरो को लेकर रतनगढ़ थाना प्रभारी B.S. गोरे की उपस्थिति में शांति-समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों को स्वेच्छा से उतरवाने पर सहमति बनी।

बैठक में मंदिर मस्जिद एवं अन्य धार्मिक स्थलों से संबंधित बैठक में उपस्थित हुए, मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार जिन धार्मिक स्थान पर नियम के विरुद्ध लाउड स्पीकर लगे हुए है। उनको उतरवाने के लिए थाना प्रभारी ने अवगत कराया। जिसको लेकर सभी धार्मिक स्थानों से संबंधित ने स्वेच्छा से लाउडस्पीकर उतरवाने की स्वेच्छा से सहमति प्रदान की बैठक में सबको अवगत कराया गया कि, एक बार वर्तमान में लगे सभी लाउड स्पीकर सभी धार्मिक स्थलों से हटेंगे। इसके बाद सक्षम अधिकारियों की अनुमति से लाउड स्पीकर मानक स्तर के निर्देशानुसार अनुमति लेकर लगाए जा सकेंगे।

# भूमि हड़पने वालों के खिलाफ की कार्यवाही की माँग, सिंगोली पुलिस को सौंपा शिकायती पत्र

**सिंगोली।** 25 मई शनिवार को नगर के वार्ड नं.10 के निवासी नवीन तिवारी ने थाना प्रभारी पुलिस थाना सिंगोली को एक शिकायती पत्र सौंपकर उनकी दादी की मौत का कारण बने भूमि हड़पने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की माँग करते हुए जानमाल की सुरक्षा प्रदान करने का भी निवेदन किया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में आवेदक नवीन पिता अनिलकुमार तिवारी ने बताया कि उनकी दादी श्रीमती कौशल्याबाई पति गोपाललाल तिवारी निवासी सिंगोली के स्वामित्व और आधिपत्य की भूमि को षड्यंत्रकारियों द्वारा षड्यंत्र कर हड़पने की नीयत से कौशल्याबाई को अनावश्यक रूप से मानसिक प्रताड़ना देकर प्रताड़ित करने के परिणामस्वरूप सदमे से कौशल्याबाई की अचानक मृत्यु हो जाने के मामले में जाँच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की माँग करते हुए शिकायती पत्र में लिखा है कि उनकी दादी कौशल्याबाई के नाम से सर्वे नम्बर 70/11 एवं सर्वे नम्बर 70 की अन्य भूमियाँ राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होकर ये भूमियाँ सिंगोली-तिलस्वां रोड़ से पश्चिम की ओर खेतों पर जाने वाले रास्ते के दक्षिण दिशा की ओर स्थित है और इस भूमि पर आवेदक एवं कौशल्याबाई के परिवार के देवताओं के चबूतरे करीब 70-80 सालों से बने हुए हैं तथा गायों को बांधने का बाड़ा भी बना हुआ होकर खाद की रोड़ी भी है,खेतों पर जाने वाले रास्ते के पास ही लोहे की फाटक भी लगी हुई होकर चारों ओर पत्थर की बाउंड्री बनी हुई है। कौशल्याबाई की उपरोक्त भूमि के दक्षिण व पूर्व दिशा की ओर सिंगोली निवासी मुबारिक पिता गुलाब खां मंसूरी की पड़त भूमि स्थित है जिस पर मुबारिक अपने साथियों के साथ मिलकर नाजायज रूप से प्लॉट काटने की योजना बना रहा है और इस योजना में सिंगोली कस्बे के ही अन्य लोग भी शामिल हैं।इस प्रकार कौशल्याबाई की उपरोक्त कृषि भूमि को हड़पने के मामले में एक राजस्वकर्मी सहित चार अन्य लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को सौंपे गए शिकायती पत्र में नवीन तिवारी ने बताया कि उनकी दादी कौशल्याबाई की जमीन जो रास्ते से लगी हुई है को हड़पकर उस भूमि का रास्ते के रूप में उपयोग करते हुए मुबारिक अपनी जमीन के नाजायज प्लॉट काटकर करोड़ों रुपये कमा सके इसी बात को दृष्टिगत रखते हुए सभी षड्यंत्रकारियों ने मिलकर मुबारिक द्वारा दिखावटी तौर पर जगदीश पिता बंशीलाल धाकड़ के नाम बिना कब्जे के सर्वे नम्बर 70/10 के भी बटे नम्बर बताते हुए चतुरसीमा में मुबारिक ने कौशल्याबाई के स्वामित्व की भूमि की चतुरसीमा दर्शाकर दिनाँक 04.03.2024 को विक्रयपत्र का पंजीयन करा दिया जबकि विक्रयपत्र में लिखी गई।

चतुरसीमा के बीच मुबारिक की कोई भूमि स्थित नहीं है बल्कि विक्रयपत्र में लिखी गई चतुरसीमा वाली भूमि कौशल्याबाई के स्वामित्व और आधिपत्य की भूमि है और इसी के मद्देनजर मालवदर्शन ने 11 मई को अपनी वेबसाइट एवं 12 मई को प्रकाशित समाचार पत्र में ही जमीन तिवारी की और रजिस्ट्री करवा दी मंसूरी ने शीर्षक से समाचारों का प्रकाशन करके इस बात का खुलासा कर दिया था कि जालसाजी के सदमे से हुई पूर्व पार्षद की मौत। उल्लेखनीय है कि कौशल्याबाई स्थानीय नगर परिषद के वार्ड नं.10 से पार्षद भी रही है और 08 मई 2024 को हृदयाघात से उनकी मौत हो गई थी।

# 1 जुलाई से लागू होंगे ये नए कानून, मंदसौर एस पी किया जिला स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**नीमच।** समस्त भारतवर्ष में आगामी 01 जुलाई 2024 से पुराने कानून जैसे आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होने जा रहे है। नवीन कानून के अनुरूप पुलिस को प्रशिक्षित होने के लिए पूरे देशभर के समस्त राज्यों में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम समस्त स्तरों पर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज दिनांक 26 मई 2024 को जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर पर एसपी अनुराग सुजानिया द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नवीन कानून की प्रासंगिकता के संबंध में उद्धबोधन दिया।

इनके एएसपी गौतम सोलंकी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में कानून में होने वाले परिवर्तनों और उनके सैद्धान्तिक और प्रायोगिक पक्ष को बताया। जिलास्तरीय प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी बतौर मल्हारगढ़ एसडीओपी द्वारा नवीन कानून में होने वाले परिवर्तनों को विस्तार से बताया। एसपी सुजानिया द्वारा बताया गया कि, प्रशिक्षण कार्यक्रम थाने के समस्त आरक्षक से लेकर अधिकारीगणों के लिए अनुभाग स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि नवीन कानून के लागू होने से पहले उसके विषय मे अच्छे से प्रत्येक पुलिसकर्मी को ज्ञान हो और उसके सैद्धान्तिक और प्रायोगिक पक्ष का कुशलतापूर्वक संपादन हो सकें।

# भीषण गर्मी का दौर, तीखी धूप में चलते बच्चे, ये हाल देख नीमच की इस संस्था का पसीजा दिल




**नीमच।** एक और जहां भीषण गर्मी का दौर है, और आमजन अपने पंखे व कूलर की हवां ले रहे है, तो वहीं दुसरी और शहर की झुग्गी बस्तियों में बच्चों के पास पहनने को चप्पल तक नहीं है, और वें नंगे पैर धूप में चल रहे है। ऐसे में अब इन बच्चों की सूध सर्वहित सामाजिक सेवा समिति के सदस्यों ने ली है दरअसल, समिति के अध्यक्ष नवनीत परमार सहित सभी सदस्य रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद झुग्गी बस्तियों में पहुंचे। जहां उन्होंने नंगे पैर घूम रहे छोटे बच्चों को धूप से बचाव के लिए चप्पल पहनाई। बच्चों ने जब अपने पैरों में चप्पल पहनी, तो उनके चैहरों पर खुशी देखने को मिली। ये नजारा देख यहां मौजूद बुजुर्गो ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर नशा मुक्ति कैंद्र के मनोवैज्ञानिक जीवन तिवारी, सर्वहित सामाजिक सेवा समिति के सचिव नरेन्द्र सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष शोकिन दुबे, अभिलेश टेलर, शकुंतला तिवारी, शिखा माहेश्वरी, ज्योति नागदा, शिल्पा पांडे, पूजा गहलोत, पूजा धनगर, रोशनी चावला, यश सोलंकी और चाइल्ड रिलिफ फाउंडेश के अनूप चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहें। यहां सभी ने अपना-अपना विशेष और अहम योगदान दिया।

**SAVE WATER SAVE TREE**

# अब नहीं जागे तो देर हो जाएगी पर्यावरण सरोकार पर आरोग्य भारती जिला इकाई की बैठक संपन्न

**नीमच।** स्थानीय उषा चिकित्सालय में आरोग्य भारती जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी संस्थाओं को एकजुट कर हमारे बिगड़ते पर्यावरण के प्रति जागरूकता और लगाए जाने वाले वृक्ष की सुरक्षा के साथ वृहद पोधारोपण करने का निर्णय लिया गया ।

बैठक में अन्नपूर्णा सेवा न्यास, आई एन ओ जिला संगठन, आई एन ओ पोधा बैंक, जिला सोपास अशासकीय शिक्षण संस्था संघ, पतंजलि योग समिति के पदाधिकारियों से पूर्ण सहयोग की सहमति प्राप्त हुई । दिनांक 5 जून को संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतू सायकल रेली निकाली जा रही । साइकल रैली में सभी संस्थाओं से पर्यावरण के सरोकार एवं जागरूकता रैली में सम्मिलित होने का निवेदन किया गया । दिवस रैली के पश्चात एक संपूर्ण कार्य योजना पौधों के संरक्षण के संबंध में बनाई जाने का निर्णय लिया गया । इसी प्रकार दिनांक 21 जून को विश्व योग दिवस पर सभी संस्थाएं एक स्थल पर एकत्रित होकर योग दिवस को मनाने के लिए भी कार्य योजना बनाई गई साथ ही संकल्प आरोग्य वाटिका में वृहद वृक्षारोपण वर्षा काल में किया जाकर पौधों का संरक्षण किया जाने का निर्णय लिया गया ।

बैठक में डॉ आशीष जोशी, एडवोकेट अजय भटनागर, मनोज महेश्वरी, संदीप खाबिया, ओमप्रकाश चौधरी, प्रवीण अरोदेकर, डॉ राजकुमार मालानी , प्रोफेसर आशीष सोनी, सीए नकुल जैन, सत्येन्द्र सक्सेना, रुद्र पाराशर, संजय श्रीवास्तव, बालकृष्ण सोलंकी, श्रीमती ज्योति मेहता, श्रीमती पुष्पलता सक्सेना, श्रीमती निकिता सिंहल , आदि सम्मिलित रही । उपरोक्त जानकारी नितिन सक्सेना ने दी ।

# नई मोटर लगाने से रावतभाटा में आसानी से होगी पेयजल आपूर्ति



**सिंगोली।** रावतभाटा नगर के आमजन को अब पेयजल की किल्लत से नई जूझना पड़ेगा इसके समाधान हेतु जनप्रतिनिधियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पंप हाउस पर नई मोटर लगाने का काम शुरू करवाया है जो जल्द पानी की सप्लाई को और बेहतर करेगी जिससे पेयजल आपूर्ति और सुलभ होगी।सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्रसिंह हाड़ा ने राणा प्रताप सागर बांध स्थित पंप हाउस पहुंचकर मोटर लगाने का काम शुरू करवाया और अधिकारी-कर्मचारियों को इस कार्य को शीघ्र ही शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि रावतभाटा नगरपालिका क्षेत्र में निर्बाध रूप से जलापूर्ति होनी चाहिए इसके लिए जो भी प्रयास करने पड़े हम करेंगे।जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियंता अरविंद मौर्य ने बताया कि मंगलवार शाम तक नई मोटर चालू हो जाएगी। जिससे रावतभाटा नगर के विभिन्न वार्डो में पेयजल सप्लाई पहले की अपेक्षा और बेहतर हो जाएगी।इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा,पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन,पार्षद नीलम सिंह,पार्षद प्रतिनिधि भुवनेश नागर,पूर्व पार्षद हरीश राठौर,भाजपा नगर उपाध्यक्ष राजेशसिंह बादल,राहुल नायक,अविनाश मित्तल,मनोज मेवाडा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण



**नीमच।** सामाजिक संस्था समर्पण फाउण्डेशन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर श्री दिनेश जैन, अपर कलेक्टर एवं सीईओं जिला पंचायत श्री गुरूप्रसाद, एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक व नोडल अधिकारी जिला समन्वयक जन अभियान परिषद श्री वीरेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजकार्य विभाग के एम.एस.डब्लयू विद्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन के डबकरा से भेंट कर उन्हें नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर वालेंटियर जन अभियान परिषद के पवन कुमरावत ने समाजकार्य पाठयक्रम कर रहे विद्यार्थियों को फील्ड में आम लोगो के बीच जाकर किस प्रकार से नशा मुक्ति जनजागरूकता हेतु गतिविधियों का आयोजन करना, एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाज के लोगो तक कैसे अपनी बात को पहुंचाना, उन्हे अपनी बात सुनने के लिए प्रेरित करना साथ ही अपनी गतिविधियों के लक्ष्य समूह बच्चों, महिलाओं, युवाओं तक कैसे अपनी पहुंच बढ़ना एवं अपनी गतिविधियों में उन्हें शामिल कर उनका सहयोग लेना चाहिए, समाज में वास्तविकता में धरातल पर कार्य करने में किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पडता एवं समस्याओं से कैसे बाहर निकला जाता है इत्यादि के बारे मे विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया तथा आगामी 31 मई 2024 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है, पर अपने-अपने ग्राम/क्षेत्र में गतिविधियों का आयोजन किस प्रकार से करे इसका मार्गदर्शन दिया गया। महाविद्यालय की प्राध्यापक श्रीमती संगीती शर्मा एवं सुश्री सिमरन खान ने भी विद्यार्थियो को फील्ड में कार्य कर पाठयक्रम के साथ अनुभव एवं कुछ नया सिखने के लिए प्रेरित किया एवं विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। आभार समर्पण फाउण्डेशन की सामाजिक कार्यकर्ता दीपा चौरडिया ने किया।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक पक्ष की माँ बेटी घायल

**नीमच।** जिले के जावद थाना क्षेत्रअंतर्गत आने वाली सरवानिया चौकी के ग्राम बांगरेड खेड़ा में जमीन की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट तक जा पहुचा ओर लाठी डंडे भी चले,जिसमें एक पक्ष से माँ बेटी घायल हो गई,जिन्हें नीमच जिला अस्पताल भर्ती किया गया जहा उनका उपचार चल रहा है जिला चिकित्सालय में पीड़ित पक्ष के परिजन मनीष बंजारा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी तीन बीघा जमीन ग्राम बांगरेड खेड़ा में है जिसपर उनका ही भाई जबरन कब्ज़ा करना चाहता है इसी बात को लेजर विवाद हुआ था।जबकि 15 वर्ष पहले ही तीनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर बटवारा हो चुका है लेकिन जो तीन बीघा जमीन हमारे पास आई है उसके सामने पड़त भूमि हमारे हिस्से की है उस पर उनका एक भाई केशुराम बंजारा कब्जा करना चाहता है जिसके चलते उसने हमारे हिस्से की जमीन पर लकड़ियां और अन्य सामान डाल दिया,जब उन्हें समान डालने से मना किया गया तो उनके केशुराम बंजारा पिता गंगाराम बंजारा,उनका लड़का अनिल बंजारा,पत्नी लीला बाई,ओर एक भाई मोहन लाल द्वरा लाठी डंडों से मारपीट शुरू करदी,उक्त भूमि को लेकर बीती 6 मई 24 को भी विवाद हुवा था जिसकी भी शिकायत हमारे द्वरा सबधित थाने पर की गई थी पुलिस द्वरा कोई कार्यवाही नही की जाने के कारण दूसरी बार पुन: उपरोक्त लोगो द्वरा शुक्रवार को भी मारपीट की इस मारपीट में मेरी पत्नी गीता बाई उम्र 35 और मेरी बेटी अंजली उम्र 14 वर्ष घायल हो गई, जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।उक्त मामले में पीड़ित की शिकायत पर सरवानिया महाराज चौकी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती कंचल ने उप जेल गरोठ का किया निरीक्षण

**मंदसौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को जिले में स्थापित समस्त जेलों का निरीक्षण किया जाना है। इसी अनुक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमती रेणुका कंचन द्वारा उप जेल गरोठ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने उप जेल गरोठ के विभिन्न बैरक में निरुद्ध बंदीगण के रहन-सहन, खान-पान, साफ सफाई, स्वास्थ्य, विधिक सहायता आदि विषयों के बारे में जानकारी ली ।साथ ही उन्होंने जेल में स्थापित रसोई घर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, खाद्यान कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया । इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बंदियों को विशेषज्ञ सलाह हेतु शुरू की गई टेलीमेडिसिन की सुविधा के बारे में भी जाना। जेल प्रशासन के द्वारा बताया गया कि अब तक 27 बंदियों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह ली गई है। उन्होंने बंदियों के मनोरंजन हेतु लगाए गए टीवी सेट को सुधरवाने के आवश्यक निर्देश जेल प्रशासन को दिए। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने निरुद्ध बंदीगण से उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मतदान कर्मी प्रशिक्षण में बताई गई बातों को ध्यान रखें- कलेक्टर श्री यादव

**मतगणना कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया**

**मंदसौर।** आगामी 04 जून 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के कुशलतापूर्वक संपादन हेतु जिले के कुशाभाऊ ठाकरे सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर डॉ. जे के जैन एवं उनके सहायक टीम द्वारा मतगणना के लिए लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने कहा कि प्रशिक्षण में बताई गई बातों को ध्यान रखें। किसी भी तरह की शंका या समास्या होने पर मास्टर्स ट्रेनर्स से समाधान प्राप्त करें। आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों को पालन करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री परमार, एसडीएम श्री शाक्य एवं मतगणना कर्मी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में डाक मतपत्र की मतगणना किस प्रकार की जाना है, उसकी संपूर्ण प्रक्रिया एवं बारीकियां के बारे में प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया गया। डाक मतपत्र मतगणना संबंध में समीक्षा व विधिमान्य किए जाने वाले मतपत्र के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा नियंत्रण यूनिट/कंट्रोल यूनिट के मतगणना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुवे उसे खोलना, उस पर लगे नंबरों का मिलान कैसे करना, सिलो की जांच करना व मतगणना संबंधी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के दौरान किस प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी है, इस बारे में बताया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विहित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है इसकी जानकारी से मतगणना कर्मियों को अवगत कराया गया। मतगणना कर्मियों को हेण्ड आन प्रशिक्षण भी दिया गया।

# विचार, आहार एवं जीवन शैली ही रोगों का मुख्य कारण है - डॉ के एल रंगवानी



**नीमच।** किसी भी रोगों का मुख्य कारण हमारे विचार, आहार एवं हमारी जीवन शैली ही होती है सिर्फ इन तीन मुख्य बिंदू में परिवर्तन से हम पूर्ण स्वस्थ्य रह सकते हैं । उपरोक्त विचार होटल मधुबन में आयोजित स्वास्थ्य विषय पर चर्चा में मध्य प्रदेश प्राकृतिक चिकित्सा परिषद भोपाल से पधारे अध्यक्ष डॉ के एल रंगवानी ने रखे । प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया । परिचर्चा में म. प्र. प्राकृतिक चिकित्सा परिषद भोपाल के डायरेक्टर कैप्टन हेमंत सुकलिकर ने उपवास को पंच महाभूत में श्रेष्ठ बताया । हैल्थ नेचर एंड यू के डायरेक्टर सत्येन्द्र सक्सेना ने म. प्र. प्राकृतिक चिकित्सा परिषद भोपाल द्वारा संचालित सी एन वाई एस प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान प्रमाण पत्र अध्यन की जानकारी दी की हम केसे अपने स्वयं के डॉक्टर बन सकते है । म. प्र. प्राकृतिक चिकित्सा परिषद भोपाल के सचिव अर्जुन टेवानी ने पेट की सफाई के तरीके बताए जिससे हम कई सारे रोगों को जड़ से दूर कर सकते हैं । परिचर्चा की अध्यक्षता आई एन ओ के संरक्षक मनोहर सिंह लोढ़ा ने की एवं उत्तम जीवन शैली पर प्रकाश डाला । आई एन ओ संरक्षक एडवोकेट अजय भटनागर ने प्राकृतिक एवं परंपरागत आहार के बारे में बताया । परिचर्चा में योग एवं आध्यात्म विषय के विशेषज्ञ योग प्रेमी गुणवंत गोयल, दीपेश रांका, योग गुरु सीए नकुल जैन का भी सम्मान किया गया इस अवसर पर आई एन ओ पौधा बैंक के संयोजक और वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक, नरेंद्र पोरवाल, जगमोहन कटारिया आदि उपस्थित रहे । परिचर्चा के लिए आभार एडवोकेट अजय भटनागर ने माना । परिचर्चा का संचालन आई एन ओ जिला अध्यक्ष एवं हैल्थ नेचर एंड यू के डायरेक्टर सत्येन्द्र सक्सेना ने किया । उपरोक्त जानकारी आई एन ओ जिला सचिव रुद्र पाराशर ने दी ।

# पुलिस ने किया गिरफ्तार कार से दो लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद

**प्रतापगढ।** में पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 35 पेटी अंग्रेजी शराब की जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर तस्करी के काम में ली जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। बरामद शराब की कीमत दो लाख रुपए बताई जा रही है।

देवगढ़ थाना अधिकारी निर्भय सिंह ने बताया कि जिले में एसपी लक्ष्मण दास के निर्देशन में शराब तस्करी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस टीम गश्त करती हुई पूंगा तालाब चौकी पहुंची थी और यहां पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान प्रतापगढ़ की ओर से एक कार आती हुई दिखाई दी, जिसको रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उसमें अंग्रेजी शराब की 35 पेटियां रखी हुई थी ।इसके विषय में कार में सवार युवक कोई जवाब नहीं दे पाया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम धरियावद निवासी राहुल कलाल बताया।

शराब परिवहन के कोई वैध दस्तावेज नहीं होने से पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर शराब और तस्करी के काम में ली जा रही कार को जप्त कर लिया। इस मामले में गिरफ्तार राहुल कलाल से पूछताछ की जा रही है। बरामद शराब की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।